RAJHIN/2016/70516 Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-269 जयपुर, शनिवार, 28 मार्च 2026 मूल्य-4 रुपये

## 2.38 लाख करोड़ के रक्षा प्रस्ताव मंजूर किए

### एयरफोर्स को एस-400 मिसाइल डिफेंस और आर्मी को धनुष गन सिस्टम मिलेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में करीब 2.38 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस प्रस्ताव में आर्मी, एयरफोर्स और कोस्ट गार्ड के लिए कई अहम सिस्टम और प्लेटफॉर्म शामिल हैं।

सेना के लिए एयर डिफेंस ट्रैक्ड सिस्टम, आर्मर पियर्सिंग टैंक गोला-बारूद, हाई कैपेसिटी रेडियो रिले, धनुष गन सिस्टम और रनवे इंडिपेंडेंट एरियल सर्विलांस सिस्टम को मंजूरी मिली।

वित्त वर्ष 2025-26 में DAC अब तक 55 प्रस्ताव मंजूर कर चुका है, जिनकी कुल लागत 6.73 लाख करोड़ रुपए है। इसी दौरान 503 डिफेंस डील साइन हुईं, जिनकी कीमत 2.28 लाख करोड़ रुपए है। सरकार के मुताबिक यह किसी एक वित्त वर्ष में अब तक का सबसे बड़ा रक्षा खरीद और मंजूरी का आंकड़ा है।

## बजट 2026-27 पर संसद की मुहर

**नई दिल्ली।** संसद ने शुक्रवार को वित्त विधेयक 2026-27 को अपनी मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने ध्वनिमत से इसे लोकसभा को वापस भेज दिया, जिससे एक अप्रैल से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बजट की प्रक्रिया पूरी हो गई। लोकसभा ने 25 मार्च को 32 संशोधनों के साथ इस विधेयक को पारित किया था। साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही 30 मार्च को सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गयी। राज्यसभा ने संक्षिप्त चर्चा के बाद वित्त विधेयक को लोकसभा को वापस भेज दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों के जवाब दिए। इसके साथ ही संसद से केंद्रीय बजट 2026-27 को मंजूरी मिल गई। इससे पहले सीतारमण ने राज्यसभा में विनियोग (2) विधेयक, 2026 और वित्त विधेयक, 2026 पर चर्चा का संयुक्त जवाब दिया।

## सरकार ने तेल और गैस की कमी को नकारा, नहीं लगेगा लॉकडाउन

# एलपीजी उत्पादन 40 प्रतिशत बढ़ा, अफवाहों पर ध्यान न दें, जरूरत के हिसाब से खरीदें

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को देश में लॉकडाउन लगाए जाने की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी कोई स्थिति नहीं है और इस पर कोई विचार भी नहीं किया जा रहा है। सरकार ने इसे अफवाह करार देते हुए लोगों से भ्रमित न होने की अपील की है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पत्रकार वार्ता कहा लॉकडाउन लगाने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है और पेट्रोल, डीज़ल तथा एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।




उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में पेट्रोल पंपों पर लगी लंबी कतारें किसी वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि अफवाहों की वजह से देखी गईं। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें करीब 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 100 डॉलर से अधिक हो गई हैं, लेकिन इसके बावजूद देश में ईंधन आपूर्ति बाधित नहीं है, कीमतों को स्थिर बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वैश्विक रुकावटों के बावजूद भारत ने कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की है। साथ ही घरेलू रसोई गैस के उत्पादन में 40 फीसदी की वृद्धि हुई है। घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता दी, जबकि कमर्शियल एलपीजी की आपूर्ति को धीरे-धीरे 70 फीसदी तक बहाल कर दिया है।

सुजाता ने बताया केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती की है। इसका बोझ उपभोक्ताओं पर डालने के बजाय स्वयं वहन किया है, जिससे पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क 10-10 रुपये प्रति लीटर कम हो गया है। अप्रैल 2022 से पेट्रोल और डीजल की कीमतें या तो कम हुई हैं या स्थिर बनी रही हैं। यहाँ तक अप्रैल 2025 में जब उत्पाद शुल्क बढ़ाया था तब भी इसका अतिरिक्त बोझ उपभोक्ताओं पर नहीं डाला गया। शर्मा ने कहा कि पीएनजी के विस्तार कार्य में तेजी लाई है, जिसके तहत प्रतिदिन 10,000 से अधिक नए कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं। सुजाता शर्मा ने कहा, जैसा कि आप सभी जानते हैं, हम एक युद्ध जैसी स्थिति में हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे इस युद्ध की वजह से कच्चे तेल, एलपीजी-एलएनजी की हमारी आपूर्ति पर असर पड़ा है।

## सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर 10 रुपए घटाई एक्साइज ड्यूटी

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में जारी युद्ध के हालातों और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारत सरकार ने आम आदमी को बड़ी राहत दी है। सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) में 10 प्रति लीटर की भारी कटौती का ऐलान किया है। इस फैसले के बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 से घटकर 3 रह गई है, जबकि डीजल पर इसे 10 से घटाकर शून्य (0) कर दिया गया है।

यूएस-इजराइल के साथ ईरान की जंग के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम 70 डॉलर से बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इससे तेल कंपनियों को 30 रुपए प्रति लीटर तक घाटा हो रहा था। घाटा कवर करने के लिए तेल कंपनियां दाम बढ़ा सकती थीं।

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में हड़कंप मचा हुआ है। युद्ध की वजह से कच्चे तेल की सप्लाई बाधित होने की आशंका के चलते लोग पैनिक बाइंग (घबराहट में खरीदारी) कर रहे थे। ईंधन की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने और बाजार में स्थिरता लाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है।

एक्साइज ड्यूटी में कटौती की जरूरत इसलिए भी महसूस की गई क्योंकि निजी ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने कीमतें बढ़ाना शुरू कर दिया था। भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट फ्यूल कंपनी 'नायरा एनर्जी' ने हाल ही में पेट्रोल के दाम 5 और डीजल 3 प्रति लीटर बढ़ा दिए थे। हालांकि, रिलायंस और बीपी के जॉइंट वेंचर 'जियो-बीपी' ने नुकसान के बावजूद अब तक कीमतें नहीं बढ़ाई हैं।

## श्रीनगर-लेह हाईवे पर एवलांच का कहर, सात लोगों की मौत



श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में श्रीनगर और लेह हाईवे पर जोजिला दर्रे के पास भीषण हिमस्खलन हुआ है। एवलांच के कारण सात लोगों की मौत हो गई है जबकि पांच लोग घायल हैं। कई वाहन बर्फ और मलबे के नीचे दबे हैं।

मौके पर पुलिस प्रशासन द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को जोजिला दर्रे पर हिमस्खलन की चपेट में आने से सात लोगों की जान चली गई, वहीं कई लोग अभी भी फंसे हुए हैं। घटना के तुरंत बाद बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को निकालने और मलबा हटाने का अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान जारी है और सड़क को यातायात के लिए बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

28 मार्च को अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, सिक्किम में भारी बारिश की संभावना है। बिहार में कुछ जगहों पर आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि हो सकती है।

29 मार्च को हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब और दिल्ली में 50-60kmph की रफ्तार से आंधी चलने की आशंका है। बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और उत्तराखंड में बिजली के साथ आंधी-तूफान की संभावना है।

## औरंगाबाद में चाचा ने 3 भतीजे-भतीजी का गला काटकर की हत्या

औरंगाबाद

औरंगाबाद में ट्रिपल मर्डर का मामला सामने आया है। यहां शुक्रवार को एक चाचा ने तीन भतीजे-भतीजी की गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद भी गला काटकर सुसाइड करने की कोशिश की। उसकी हालत भी गंभीर बनी है। उसे पटना रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान अनीश कुमार (10), आयुष कुमार (7) और अनुष्का कुमारी ( 5) के रूप में हुई है। घटना हसपुरा थाना क्षेत्र के खुटहन गांव की है।



घटना सुबह 10 बजे की है। बच्चों के पिता गुड्डू ट्रेन में पैंट्री कार में खाना बनाने का काम करते हैं। वो वारदात के वक्त ड्यूटी पर थे। घर में मां और 3 बच्चे ही थे।

बताया जा रहा है कि बच्चों का चाचा शुक्रवार की सुबह घर से बाइक पर सवार होकर कहीं निकला था। जब घर पहुंचा तो दरवाजा खटखटाया। उसकी भाभी अनीता देवी नहा रही थी। जिसके कारण दरवाजा खोलने में देरी हुई।

दरवाजा खोलने के बाद वह घर में घुसा और फुल साउंड में स्पीकर बजाकर बड़े चाकू से तीनों बच्चों का बारी-बारी से गला रेतकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद का भी गला काट लिया।


बताया जा रहा है कि आरोपी की अभी शादी नहीं हुई है। इसी बात को लेकर भाभी से झगड़ा होता रहता था। बच्चों की मां नहाने के बाद जब उनके कमरे में गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। कमरे की हालत देखकर सभी सन्न रह गए। तीनों बच्चे जमीन पर पड़े थे। उनके गले से खून निकल रहा था।

## ईरान के न्यूक्लियर प्लांट पर हमला, प्रोसेसिंग यूनिट को बनाया निशाना

तेहरान

ईरान पर एक बड़ा हमला हुआ है. ईरान की सरकारी मीडिया का दावा है कि उसके न्यूक्लियर प्लांट को निशाना बनाया गया है. इसमें हेवी-वॉटर प्लांट और येलोकेक प्रोडक्शन प्लांट शामिल है. ईरान की फ़ार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार अमेरिका और इजरायल के हमलों में मध्य ईरान में स्थित एक हेवी वॉटर रिएक्टर को निशाना बनाया गया है.

फ़ार्स न्यूज एजेंसी ने सेंट्रल मरकजी प्रांत के एक अधिकारी हसन गमारी के हवाले से बताया, 'खोंदाब हेवी वॉटर कॉम्प्लेक्स को अमेरिकी और इजरायली दुश्मन के हमले में दो फेज में निशाना बनाया गया.' हेवी-वॉटर प्लांट और येलोकेक प्रोडक्शन प्लांट दोनों ही परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम से जुड़े महत्वपूर्ण प्लांट होते हैं. हेवी-वॉटर मुख्य रूप से परमाणु रिएक्टरों में न्यूट्रॉन की गति कम करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है. सम्बंधित ख़बरें



रिपोर्ट के अनुसार ये हमला खोंदाब पावर प्लांट पर हुआ है. यहां तकरीबन 10 बार हमला किया गया है. हमले के बाद यहां काला धुआं निकल रहा है. इस हमले से अबतक किसी के घायल होने या मौत की खबर नहीं आई है. यहां से रेडिएशन की भी कोई खबर नहीं है.

इस हमले के बाद ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिकी और इजरायली औद्योगिक कंपनियों और उद्योगों में काम करने वाले लोगों को तुरंत अपने कार्यस्थल छोड़ने की अपील की है. अल जजीरा ने ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम के हवाले से बताया है कि यह अपील एक हेवी-वॉटर प्लांट और एक येलोकेक उत्पादन प्लांट को निशाना बनाए जाने के बाद की गई है. IRGC ने चेतावनी दी है कि उसके लड़ाके इस क्षेत्र में उन औद्योगिक कंपनियों पर जवाबी हमले कर रहे हैं जिनमें अमेरिका का भी हिस्सा है, साथ ही उन भारी उद्योगों को भी निशाना बना रहे हैं जो इस क्षेत्र में इजरायल के सहयोगी हैं.

## कौशांबी में पिकअप ट्रेलर में घुसी, तीन बच्चों समेत 8 की मौत

कौशांबी

कौशांबी में श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप ट्रेलर से टकरा गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। 29 लोग घायल हैं। सभी प्रयागराज से मुंडन कराकर अपने घर फतेहपुर जा रहे थे।

हादसा इतना भीषण था कि घायल पिकअप से उछलकर सड़क पर जा गिरे। काफी देर तक जमीन पर पड़े तड़पते रहे। मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस को फोन किया, साथ ही खुद भी घायलों को संभाला। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया।


दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्रयागराज रेफर किया गया है। 27 घायलों का इलाज जिला अस्पताल और ष्ट॥ष्ट में चल रहा है। हादसा शुक्रवार शाम करीब 4 बजे नेशनल हाईवे पर डोरमा के पास हुआ। सीएम योगी ने मृतकों के घरवालों को 2-2 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। साथ ही घायलों को 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने भी हादसे पर दुख जताया है।

## रामलला का सूर्य तिलक, 9 मिनट ललाट पर पड़ीं किरणें

### स्वर्ण जड़ित पीतांबर पहनाया, पीएम मोदी ने किए लाइव दर्शन

अयोध्या

अयोध्या में रामनवमी पर शुक्रवार दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक हुआ। 9 मिनट तक भगवान के ललाट पर नीली किरणें पड़ीं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह दूसरा सूर्य तिलक है। पीएम मोदी ने टीवी पर इसे लाइव देखा।



सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। इस दौरान 14 पुजारी गर्भगृह में मौजूद रहे। उन्होंने विशेष पूजा और आरती की। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए मंदिर के पट बंद कर दिए गए। रामलला को 56 तरह के व्यंजन का भोग लगाया गया। सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के 20 पाइप से 65 फीट लंबा सिस्टम (स्ट्रक्चर) बनाया गया है। 4 लेंस और 4 मिरर के जरिए गर्भगृह तक रामलला के मस्तक पर किरणें पहुंचाई गईं।

गर्भगृह को फूलों से सजाया गया है। सुबह 5.30 बजे रामलला को पीतांबर पहनाया गया। फिर आरती की गई। आज आम दिनों के मुकाबले भक्त 3 घंटे ज्यादा रामलला के दर्शन कर पाएंगे। सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक यानी 18 घंटे दर्शन होंगे। पहले सुबह 6:30 से रात 9:30 तक दर्शन होते थे। राम जन्मभूमि ट्रस्ट के मुताबिक, मंदिर परिसर में लंबी लाइनें लगी हैं। राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर भीड़ ज्यादा है। करीब 10 लाख लोग रामलला के दर्शन करने पहुंचे हैं।

## मुर्शिदाबाद में रामनवमी पर हिंसा

### पत्थरबाजी में कई घायल, दुकानों में आगजनी

कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रघुनाथगंज में रामनवमी जुलूस के दौरान दो समुदायों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर हिंसा हुई। इस दौरान दुकानों में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी की घटनाएं सामने आईं। इस दौरान कई लोग घायल भी हुए। विवाद की शुरुआत रघुनाथगंज-फुलतला ट्रैफिक मोड़ पर हुई। यहां कुछ लोगों ने सड़क किनारे लगे एक होर्डिंग पर चढ़कर उसपर लगा केसरिया झंडा हटा दिया। इससे जुलूस में शामिल लोग भड़क गए और हालात बेकाबू हो गए। भाजपा ने आरोप लगाया कि भीड़ ने भगवा ध्वज को अपमानजनक ढंग से नीचे उतारा और फेंक दिया। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने इसकी वीडियो शेयर कर लिखा- यह भगवा ध्वज और सनातन धर्म का अपमान है।

बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण, 23 अप्रैल को मुर्शिदाबाद सहित 16 जिलों की 152 विधानसभा सीटों पर वोटिंग है। मुर्शिदाबाद बंगाल के सबसे संवेदनशील इलाकों में शामिल है। यहां जनवरी 2026 में हिंसा में एक प्रवासी मजदूर की मौत हुई थी।

## पीएम मोदी ने मिडिल ईस्ट तनाव पर कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की

# राज्यों को सप्लाई चेन दुरुस्त रखने के निर्देश, देश में ना फैले पैनिक

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक की। यह बैठक डिजिटल माध्यम से हुई। बैठक में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की गई। आदर्श आचार संहिता के कारण चुनावी राज्य इस बैठक में शामिल नहीं हुए। चुनावी राज्यों के मुख्य सचिवों के लिए एक अलग बैठक होगी, जो कैबिनेट सचिवालय के माध्यम से की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि 'टीम इंडिया' की भावना से मिलकर काम करने पर देश इस स्थिति से सफलतापूर्वक उबर जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार



की प्राथमिकताएं आर्थिक और व्यापारिक स्थिरता बनाए रखना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, नागरिकों के हितों की रक्षा करना और उद्योग व आपूर्ति श्रृखंलाओं को मजूबत करना है।

उन्होंने राज्यों से आपूर्ति श्रंखलाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने और जमाखोरी व मुनाफाखोरी के खिलाफ सख्त कदम उठाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र में अग्रिम योजना बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया, खासकर उर्वरक भंडारण और वितरण की निगरानी में।

प्रधानमंत्री मोदी ने सभी स्तरों पर मजबूत समन्वय तंत्र की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि बदलते हालात में तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने सीमा और तटीय राज्यों में खास ध्यान देने का निर्देश दिया, ताकि नौवहन, आवश्यक आपूर्ति और समुद्री संचालन से जुड़ी नई चुनौतियों का समाधान किया जा सके। प्रधानमंत्री ने गलत सूचनाओं व अफवाहों से सतर्क रहने का भी आग्रह किया और सही व विश्वसनीय जानकारी फैलाने पर जोर दिया।

बैठक में आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, तेलंगाना के रेवंत रेड्डी, पंजाब के भगवंत मान, गुजरात के भूपेंद्र पटेल, जम्मू-कश्मीर के उमर अब्दुल्ला, हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू और अरुणाचल प्रदेश के पेमा खांडू सहित कई मुख्यमंत्री शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये मुख्यमंत्रियों से बातचीत की और राज्यों की तैयारियों व योजनाओं की समीक्षा की। बैठक का फोकस 'टीम इंडिया' की भावना के तहत तालमेल सुनिश्चित करना था। आचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं हुए।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भाजपा-कांग्रेस विधायकों में हाथापाई

श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को लेकर प्रदर्शन हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता खामेनेई की तस्वीर लेकर सदन के अंदर पहुंचे और समर्थन में नारेबाजी की। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओ ने खामेनेई के पोस्टर भी लहराए।

इस बीच, सदन में कांग्रेस और बीजेपी नेताओं के बीच धक्का-मुक्की का भी वीडियो सामने आया। हालांकि, ये विवाद भाजपा नेताओं के राहुल पर कमेंट को लेकर था। कांग्रेस विधायक इरफान हाफिज पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ नारे



लगा रहे थे। जवाब में भाजपा विधायक युद्धवीर सेठी ने कहा, 'राहुल गांधी पप्पू हैं।' इसके बाद दोनों नेताओं में हाथापाई होने लगी।

वहीं, ईरान युद्द पर सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा- जिस तरह ईरान पर यह युद्ध थोपा गया, उसके समर्थन में कोई खड़ा नहीं होगा। जिस तरह मानवता की हत्या हुई और ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई साहब, उनके कई साथी और करीबी रिश्तेदार मारे गए, उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक तनवीर सादिक ने कहा, हम ईरान के साथ खड़े हैं। हमारी पार्टी और जम्मू-कश्मीर की सरकार उनके साथ खड़ी है।

# दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बने पीएम मोदी, बीजेपी का तंज... कांग्रेस को इस बात से तकलीफ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व के सबसे लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेता के रूप में शीर्ष पायदान पर कायम है। हाल ही में मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा कराए गए वैश्विक सर्वेक्षण में उन्हें 68 प्रतिशत अनुमोदन रेटिंग प्राप्त हुई है, जो उनके निरंतर घरेलू समर्थन और बढ़ती अंतरराष्ट्रीय मान्यता को दिखाता है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह भारत के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता बने हुए हैं। यह उनकी विश्वसनीयता को दिखाता है। यह भारत और पूरी दुनिया के लोगों के उनके नेतृत्व में विश्वास को दिखाता हैज......प्रधानमंत्री मोदी, जो भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले राष्ट्राध्यक्ष भी हैं, सत्ता समर्थक रुख, लोकप्रियता, निर्भरता और विश्वसनीयता का प्रतीक हैं।

बीजेपी प्रवक्ता पूनावाला ने भारत की वैश्विक उपलब्धियों पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया की आलोचना कर कहा कि लेकिन दूसरी ओर, जब भी भारत को कोई वैश्विक पहचान मिलती है, तब कांग्रेस पार्टी को तकलीफ होती और वहां निराशावाद फैलाना शुरु कर देती है। यह ग्लोबल रेटिंग कांग्रेस के पूरे दावे को ध्वस्त करती है। कांग्रेस कहती है कि पीएम मोदी तानाशाह हैं, लेकिन वे सिर्फ चुनाव जीत रहे हैं और उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। 2 से 8 मार्च, 2026 के बीच एकत्रित की गई ये रेटिंग ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग ट्रैकर का हिस्सा हैं और प्रत्येक सर्वेक्षण किए गए देश में वयस्कों की राय का सात-दिवसीय मूविंग औसत को दिखाती हैं। सर्वेक्षण में पीएम मोदी को अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं से काफी आगे दिखाया गया है। स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय पार्मेलिन और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यंग 62 प्रतिशत अनुमोदन के साथ दूसरे स्थान पर हैं। तुलनात्मक रूप से, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की रेटिंग 39 प्रतिशत है, जबकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की रेटिंग 24 प्रतिशत है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन सर्वेक्षण में शामिल नेताओं में सबसे निचले स्थान पर हैं, उनकी अनुमोदन रेटिंग 17 प्रतिशत और अस्वीकृति रेटिंग 75 प्रतिशत है।

## मैंने राम मंदिर का कभी विरोध नहीं किया, निर्माण के लिए दान भी दिया

### अयोध्या पहुंचे दिग्विजय सिंह हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में किए दर्शन

अयोध्या (एजेंसी)। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर में पूजा-अर्चना की और कहा कि उन्होंने मंदिर निर्माण का कभी विरोध नहीं किया, बल्कि इसके विपरीत मंदिर ट्रस्ट को दान भी दिया। दिग्विजय सिंह गुरुवार को अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे और वहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राम नवमी के शुभ अवसर पर मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं। भगवान राम का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। राहुल गांधी के अयोध्या दौरे से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से इसके बारे में पूछिए, उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद दिग्विजय सिंह ने हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन किए। बता दें कांग्रेस पार्टी ने जनवरी 2024 में हुए प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकरा दिया था, जिसे उसने चुनावी हितों से प्रेरित एक राजनीतिक कदम बताया था। पार्टी ने यह भी कहा था कि उस समय मंदिर का निर्माण कार्य अधूरा था और यह आयोजन पूरी तरह से धार्मिक न रहकर एक पक्षपातपूर्ण रूप ले चुका था। इस मुद्दे पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए दिग्विजय सिंह ने अपनी निजी राय स्पष्ट करते हुए कहा कि मैंने इसका कभी विरोध नहीं किया। मैंने दान के माध्यम से अपना योगदान दिया। मैं यहां राजनीति करने नहीं आया हूं। दिग्विजय सिंह के अयोध्या दौरे पर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज है। बीजेपी ने उनकी आलोचना करते हुए कहा कि राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए कांग्रेस नेतृत्व को पहले भी आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने उसमें शामिल न होने का फैसला किया था। भोपाल से बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि राम मंदिर की अपनी यात्रा के दौरान वे कृपया उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करें, जिन्होंने 1992 में गोलियां खाई थीं। अगर देश के राजनीतिक नेतृत्व ने इस सच्चाई को पहले ही समझ लिया होता, तो अयोध्या में राम मंदिर कई साल पहले ही बन गया होता।

## चार्ली चैपलिन की अपील : युद्ध ख़त्म करो शांति के मार्ग पर चलो

### -नो वार की तख्ती और गुलाब का फूल लेकर लोगों में उत्साह जगा रहें




पटना (बिहार) (एजेंसी)। चार्ली चैपलिन द्वितीय हीरो राजन कुमार ने ईरान-इजरायल-अमेरिका के बीच युद्ध को रोकने की अपील की हैं। वह पटना में भगवान बुद्ध की मूर्ति के सामने खड़े होकर लोगों की समस्या को देखते हुए युद्ध को तत्काल रोकने का निवेदन कर रहे हैं।हीरो राजन कुमार एक कलाकार के साथ - साथ एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं।वह सदैव सामाजिक मुद्दों पर जनहित में आवाज उठाते हैं। दुनियाभर में युद्ध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं,जिसमें 1000 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन हो चुके हैं। लंदन में 30,000 से ज्यादा लोगों ने सड़कों पर उतरकर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया, जबकि मैड्रिड, एथेंस, एम्स्टर्डम, एडिनबर्ग, मॉन्ट्रियल, जर्मनी और ऑस्ट्रिया में भी विरोध प्रदर्शन तेज हुए हैं। चार्ली चैपलिन द्वितीय का युद्ध ख़त्म करने को लेकर अपील का अंदाज़ हाथ में नो वार की तख्ती और गुलाब का फूल लेकर लोगों में उत्साह जगा रहें हैं।

## नाबालिगों के यौन शोषण मामले में फंसे बीजेपी नेता के बेटे के खिलाफ जांच तेज

### -गोवा के डीजीपी ने क्राइम ब्रांच को सौंपा मामला, बोले- निष्पक्षता से होगी जांच

पणजी (एजेंसी)। गोवा पुलिस ने नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के गंभीर आरोपों में फंसे बीजेपी पार्षद के बेटे सोहम नाइक के खिलाफ अपनी जांच तेज कर दी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अब यह मामला क्राइम ब्रांच को सौंपा गया है। गोवा के डीजीपी ने जनता और पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया है कि पुलिस बिना किसी दबाव के निष्पक्षता से काम कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीजीपी ने कहा कि इस मामले को क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर करने के पीछे ठोस कारण हैं। यह मामला अत्यंत संवेदनशील है और इसमें कई कड़ियों को जोड़ने के लिए गहराई से तफ्तीश की जरूरत है। स्थानीय थानों पर कानून-व्यवस्था का भारी बोझ होता है, जबकि क्राइम ब्रांच का मुख्य ध्यान केवल जांच पर केंद्रित रहता है। जटिल आपराधिक मामलों को सुलझाने के लिए क्राइम ब्रांच के पास विशेषज्ञता और ज्यादा समय उपलब्ध होता है। आरोपी के राजनीतिक रसूख को लेकर उठ रहे सवालों पर डीजीपी ने भरोसा दिलाया कि गोवा पुलिस तेजी से और निष्पक्ष जांच कर रही है। किसी के मन में कोई शक नहीं होना चाहिए। अगर कोई बड़ा डेवलपमेंट होता है, तो इसकी जानकारी दी जाएगी। फिलहाल सोहम नाइक पुलिस की गिरफ्त में है और क्राइम ब्रांच उन सभी नाबालिगों से जुड़े सबूत जुटा रही है जिनका शोषण किए जाने का आरोप है। पुलिस इस मामले में किसी भी बड़े नेटवर्क या अन्य संदिग्धों की संलिप्तता की भी जांच कर रही है।

## अलग-अलग जगह से 30 लाख से ज्यादा का नशा पकड़ा, राजस्थान में 5 बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान पुलिस की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) नशे के खिलाफ एक बड़े अभियान के तहत एक ही दिन में प्रदेश के विभिन्न जिलों में पांच बड़ी कार्रवाई कर करीब 30 लाख 32 हजार रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए। इस ऑपरेशन में कुल 4 किलो अफीम, 15 किलो गांजा और 18 किलो डोडा पोस्त बरामद किया। यह अभियान एडीजी दिनेश एमएन के मार्गदर्शन और आईजी विकास कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। भीलवाड़ा के मांडल क्षेत्र में पुलिस ने चित्तौड़गढ़ निवासी मुकेश कुमार ढोली को 2.058 किलो अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया, जो जयपुर सप्लाई करने की तैयारी में था। श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ इलाके में माणकसर ओवरब्रिज के पास योगेश कुमार अरोड़ा को 1.062 किलो अफीम और 15.04 किलो डोडा पोस्त के साथ पकड़ा गया। बाड़मेर के धनाऊ में 'श्री बजरंग बली एंटरप्राइजेज' नामक किराना दुकान से अवैध नशे का कारोबार करने वाले देराजराम जाट को बोगस ग्राहक के जरिए 690 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया। बारां में बीना-कोटा पैसेंजर ट्रेन से नशा ला रहे मलखान माली को रेलवे स्टेशन पर 15.282 किलो गांजे के साथ पकड़ा गया। हनुमानगढ़ के टिब्बी थाना क्षेत्र में मलखेड़ा गांव के पास एक क्रेटा कार से प्रशिक्षित स्निफर डॉग की मदद से 2.600 किलो डोडा पोस्त बरामद किया।

## कोलकाता में पार्टी के दौरान दो गुटों में जबरदस्त फायरिंग, टीएमसी समर्थक ने तोड़ा दम

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता में एक पार्टी के दौरान हुई हिंसक घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी। कोलकाता के वार्ड नंबर 101 में दो गुटों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि गोलाबारी शुरू हो गई। इस घटना में 36 वर्षीय राहुल दे की मौत हो गई, जबकि जीत मुखर्जी गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, यह घटना रात करीब 12-30 बजे की है, जब एक इमारत की छत पर पार्टी चल रही थी। बताया गया कि जीत मुखर्जी ने अपने घर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया था, जिसमें राहुल को भी आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद कुछ लोग छत पर बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान अचानक विवाद शुरू हुआ और देखते ही देखते फायरिंग हो गई। मौके से कई खाली कारतूस बरामद किए गए हैं, जिससे साफ है कि कई राउंड गोलियां चलाई गईं। प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि विवाद पैसों के बंटवारे को लेकर हुआ हो सकता है। घटना के बाद वहां मौजूद अन्य लोग डरकर भाग गए। पड़ोसियों ने गोली चलने की आवाज सुनकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस जब मौके पर पहुंची, तब तक राहुल और जीत दोनों घायल अवस्था में पड़े थे।

## बंगाल में न्यायिक जांच 32 लाख मामले निपटाए, 13 लाख नाम और हटाए

### -अब तक 76 लाख वोटर्स के नाम कटे, चुनाव आयोग ने दिया नया आंकड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग के अधिकारी ने कोलकाता में बताया कि अब तक कुल 76 लाख से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। पहले एसआईआर यानी मतदाता सूची जांच के दौरान 58 लाख नाम हटाए गए। इससे राज्य के कुल वोटर 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ रह गए। अब जो नाम अंडर एडजुडिकेशन यानी न्यायिक जांच में थे। उनमें से 32 लाख मामले निपटाए गए हैं। इनमें से 40 फीसदी यानी करीब 13 लाख नाम और हटाए जा रहे हैं। दोनों मिलाकर कुल 76 लाख के करीब नाम लिस्ट से हटाए जा चुके हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अभी भी 28 लाख मामले बाकी हैं। राज्य में 705 न्यायिक अधिकारी इन मामलों को निपटाने में लगे हैं। चुनाव आयोग ने सोमवार को पहली सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी की थी, जिसमें 10 लाख नाम अपलोड किए गए, लेकिन आयोग ने यह नहीं बताया कि इनमें से कितने हटाए गए जिस पर कई लोगों ने नाराजगी जताई। अगली लिस्ट हर शुक्रवार को जारी होगी। 29 लाख मामले हटाए गए थे लेकिन उनमें से सिर्फ एक तिहाई ही पहली लिस्ट में आ सके। वजह न्यायिक अधिकारियों की ई-साइन यानी डिजिटल हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। बाकी नाम धीरे-धीरे जारी किए जाएंगे।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कलकत्ता हाईकोर्ट में अपील की है कि उन्हें हर रोज सप्लीमेंट्री लिस्ट जारी करने की इजाजत दी जाए, लेकिन कोर्ट ने कहा कि इस मामले की सुनवाई 27 मार्च के बाद होगी। 76 लाख नाम हटाना यह बहुत बड़ा आंकड़ा है। सीएम ममता बनर्जी पहले ही इसे लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हमलावर हैं। आरोप है कि यह एक खास समुदाय के वोट काटने की कोशिश है। चुनाव आयोग का कहना है कि मृत, पलायन किए, डुप्लीकेट और न मिलने वाले लोगों के नाम हटाए गए हैं।

## इजराइल से संबंध के आरोप पर जयशंकर का जबाव... भारत अब किसी बाहरी दबाव में नहीं झुकता

### इजराइल रणनीतिक और तकनीकी सहयोग में अग्रणी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की विदेश नीति ने हाल ही में एक नया आयाम प्राप्त किया है। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सर्वदलीय बैठक में बेबाकी और ठोस अंदाज में बताया कि भारत अब किसी बाहरी दबाव में नहीं झुकता और अपने राष्ट्रीय हितों के लिए हर मोर्चे पर संतुलित और आक्रामक रणनीति रखता है। उन्होंने कहा कि इजराइल ने भारत को सैन्य संघर्षों में महत्वपूर्ण मदद दी और रक्षा प्रौद्योगिकी में भरोसेमंद साझेदार साबित हुआ। यह बयान पहले छुपी हुई कूटनीतिक हकीकत को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने जैसा था। बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया कि अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और उच्च तकनीक का स्रोत है, जबकि इजराइल रणनीतिक और तकनीकी सहयोग में अग्रणी है। विपक्ष द्वारा अमेरिका और इजराइल के साथ भारत की नजदीकियों पर सवाल उठने के बावजूद, जयशंकर ने इन सवालों का जवाब तथ्यों के साथ दिया। जयशंकर ने बैठक को संबोधित कर कहा कि भारत ने कई मोर्चों पर अपनी ताकत दिखाई है। इजराइल के साथ मजबूत रक्षा संबंधों के साथ ही भारत ने ईरान के साथ भी संतुलित और स्थिर संबंध बनाए रखे। होर्मुज जलडमरूमध्य से चार भारतीय जहाजों को सुरक्षित गुजरने की अनुमति देने जैसे कदम भारत की सामरिक स्थिति की मजबूती को दिखाते हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता के निधन पर भारत ने समय पर शोक संवेदना व्यक्त कर यह संदेश दिया कि वह किसी एक पक्ष के साथ खड़ा नहीं होता।

साथ ही, खाड़ी देशों में रहने वाले अस्सी लाख भारतीयों की सुरक्षा को प्राथमिकता देकर भारत ने संतुलन बनाए रखा। ईरानी ड्रोन और मिसाइल हमलों के बीच न ईरान से दूरी बनाई और न ही खाड़ी देशों की अनदेखी की। कोच्चि बंदरगाह पर ईरानी नौसैनिक जहाज को सुरक्षित ठिकाना देने से भारत की समुद्री रणनीति और निर्णायक भूमिका भी उजागर हुई। अब भारत की यह रणनीति वैश्विक मंच पर और स्पष्ट होगी। जयशंकर जी-7 देशों की विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेने फ्रांस गए हैं, जहां भारत न केवल अपनी बात रखेगा, बल्कि द्विपक्षीय वार्ता के जरिए नए समीकरण भी बनाएगा। रणनीतिक दृष्टि से भारत ने अमेरिका, इजराइल और ईरान जैसे तीन बड़े शक्ति केंद्रों के साथ संतुलित संबंध बनाए रखकर यह दिखाया कि वह वैश्विक राजनीति में अपनी रणनीति समझदारी से लागू करने में सक्षम है। भारत अब वैश्विक एजेंडा तय करने वाला देश बन चुका है। वह अपने हितों को सर्वोपरि रखता है, अपनी शर्तों पर संबंध बनाता है और जरूरत पड़ने पर हर मोर्चे पर सख्त रुख अपनाता है। नया भारत न तो दबाव में आता है, न भ्रम में पड़ता है। यह देश वैश्विक राजनीति के शतरंज पर हर चाल सोच-समझकर चलाता है और हर बार खेल को अपने पक्ष में मोड़ देता है।

## सिख समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर हिंसा, एक तरह से नरसंहार जैसा

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1984 दंगे से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए की सख्त टिप्पणी





**प्रयागराज (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1984 कानपुर सिख विरोधी दंगे से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करते हुए सख्त टिप्पणी की है। सिख विरोधी दंगे से जुड़े मामलों को रद्द करने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने इसे भीषण नरसंहार बताते हुए आपराधिक कार्यवाही जारी रखने का आदेश दिया है। जस्टिस अनिश कुमार गुप्ता की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने 9 आरोपियों द्वारा दायर 7 याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि केवल देरी या मूल रिकॉर्ड के अभाव के आधार पर मुकदमा खत्म नहीं किया जा सकता।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रदीप अग्रवाल व अन्य की तरफ से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। याचिका दाखिल कर चार्जशीट एवं सीजेएम कानपुर नगर की कोर्ट में चल रही आपराधिक केस कार्यवाही को रद्द करने की मांग की गई थी। कोर्ट ने कहा कि यह घटनाएं देशभर में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख समुदाय के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुई हिंसा का हिस्सा थीं, जो एक तरह से नरसंहार जैसा था। आरोपियों ने दलील दी थी कि मूल दस्तावेज जैसे एफआईआर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आदि उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए निष्पक्ष विचारण संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने गवाहों के बयान में देरी और पहचान पर भी सवाल उठाए थे।

कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट पहले ही इन मामलों की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल गठित किया जा चुका है और फिर जांच के आदेश दिए, भले ही मूल रिकॉर्ड उपलब्ध न हों। प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया कि उस समय जल्दबाजी में अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर आरोपियों को बचाने की कोशिश की गई। कोर्ट ने भी माना कि कई रिकॉर्ड नष्ट हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद गवाहों के स्पष्ट बयान और पुनर्निर्मित एफआईआर के आधार पर मामला बनता है।

कोर्ट ने कहा कि गवाहों ने आरोपियों की पहचान की है और घटनाओं का विस्तृत विवरण दिया है, जिससे प्रथम दृष्टया मामला बनता है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इतने गंभीर मामलों में केवल समय बीत जाने के आधार पर कार्यवाही खत्म नहीं की जा सकती। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व फैसलों का भी हवाला दिया गया साथ ही एक आरोपी द्वारा कहा गया कि घटना स्थल पर मौजूद न होने के तर्क को अदालत ने ट्रायल के दौरान साबित करने योग्य बताया। हाईकोर्ट ने कहा कि इस आधार पर मामला खत्म नहीं किया जा सकता है। हाइकोर्ट ने सभी याचिकाएं खारिज कर दीं और ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही को जारी रखने का रास्ता साफ कर दिया।

## शांति के लिए पहल नहीं कर रहा भारत... केंद्र के इस रुख से दुखी हुए कांग्रेस नेता शशि थरूर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को सुलझाने के प्रयासों में पाकिस्तान की भूमिका पर निराशा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भारत को, अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा और दोनों पक्षों से संबंधों को देखकर कूटनीतिक नेतृत्व करना चाहिए था। अमेरिका और ईरान के बीच गुप्त मध्यस्थता के प्रयासों में पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र की भूमिका की खबरों पर प्रतिक्रिया देकर थरूर ने कहा कि उन्होंने पहले भारतीय सरकार के सतर्क रुख का समर्थन किया था, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि नई दिल्ली एक रचनात्मक शांति पहल करेगा। थरूर ने कहा कि मुझे यह कहते हुए खेद हो रहा है कि फिलहाल हालात अच्छे नहीं हैं। यह हम सभी के लिए थोड़ा शर्मनाक है........मैंने ईरान युद्ध पर मोदी सरकार के संयम और चुप्पी का समर्थन इसकारण किया था क्योंकि मुझे उम्मीद थी कि केंद्र सरकार इसका इस्तेमाल शांति स्थापित करने के लिए करेगी और शांति की अगुवाई करेगी, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि भारत को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिणाम उन उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे हैं।

कांग्रेस नेता थरूर ने कहा कि उन्होंने भारत से बार-बार आग्रह किया था कि वह अपनी राजनयिक सद्भावना का उपयोग कर संबंधित देशों के बीच सार्थक बातचीत को बढ़ावा दे। उन्होंने जोर दिया कि नई दिल्ली के संतुलित संबंध उस शांति पहल शुरू करने में एक अनूठा लाभ दे सकते थे। उन्होंने कहा कि देखिए, अगर पाकिस्तान में शांति वार्ता होती है,तब भारत का इससे कोई लेना-देना नहीं है। मैं करीब तीन सप्ताह से भारत से आग्रह कर रहा हूं कि वे दोनों पक्षों के साथ अपने अच्छे संबंधों का लाभ उठाकर शांति पहल में अग्रणी भूमिका निभाए। अब, जाहिर तौर पर, पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की ने ऐसा कर दिया है। उन्हें शुभकामनाएं, हम सभी शांति चाहते हैं। लेकिन जब पाकिस्तान शांति वार्ता कर रहा है, तब भारत को कोई श्रेय नहीं मिल रहा है। थरूर की ये टिप्पणियां केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक के संदर्भ में आईं, जहां मोदी सरकार ने विपक्षी नेताओं को आश्वस्त किया कि पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत समान स्थिति में बना हुआ है।

# ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध खत्म होते ही शुरु होगा असली संकट!

### -होर्मुज पर टोल सिस्टम करेगा लागू, भारत भी आ सकता है इसकी चपेट में




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान और इजराइल-अमेरिका के युद्ध ने अभी तक जो नुकसान कराया, वह तो सिर्फ एक झलक थी। असली संकट तो अब शुरू हुआ है, क्योंकि अभी तक जो काम फ्री में हो जाता था, उसके लिए ईरान ने करोड़ों रुपये वसूलने शुरू कर दिए हैं। इसका असर दुनिया के तमाम देशों पर पड़ेगा और इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भारत भी इसकी चपेट में आ सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक युद्ध के दौरान ईरान ने जितना नुकसान मिसाइलें दागकर नहीं किया, उससे ज्यादा चपत होर्मुज जलडमरूमध्य का रास्ता बंद करके लगा दी है। यही वह वजह है, जिसने भारत समेत दुनियाभर को भारी नुकसान पहुंचाया। अब खबर है कि ईरान भले ही युद्ध खत्म होने के बाद इस रास्ते को खोल देगा लेकिन यहां से गुजरने वाले जहाजों से वह करोड़ों रुपए की फीस वसूलेगा। ईरान ने एक तरह से यहां टोल सिस्टम लागू कर दिया है, क्योंकि अब उसने हर कॉमर्शियल जहाज से फीस वसूलना शुरू कर दिया है।

ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया का 20 फीसदी से ज्यादा तेल गुजरता है। भारत तो इस रास्ते से अपना आधे से भी ज्यादा तेज व गैस खरीदता है। अगर ईरान ने हमें छूट न दी तो निश्चित रूप से हमारे लिए भी तेल खरीदना और महंगा होने वाला है। मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि ईरान ने फिलहाल हर जहाज के गुजरने पर 20 लाख डॉलर यानी करीब 18 करोड़ रुपए फीस वसूलना शुरू कर दिया है। कुछ जहाजों ने तो यह कीमत चुकाई भी है, जिससे होर्मुज पर अब एक तरह से टोल जैसा माहौल बन गया है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ईरान यह भुगतान किस सिस्टम और करेंसी में वसूल रहा है।

ईरान यह कदम साफ बताता है कि युद्ध के बाद उसकी ताकत और बढ़ गई है। दूसरे शब्दों में कहें तो ईरान ने युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई दुनिया से करने की ठान ली है, जो दिखाता है कि होर्मुज पर उसका कितना प्रभाव है। इस रास्ते से सिर्फ तेल और गैस ही नहीं आता, बल्कि खाने-पीने के सामान और मेटल समेत अन्य कमोडिटी भी बड़ी मात्रा में गुजरती है। सूत्रों का कहना है कि फिलहाल होर्मुज पर यह टोल भुगतान चुपचाप किए जा रहे हैं और कोई भी इसके बारे में खुलकर बात नहीं कर रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईरान अभी इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों से केस बाई केस के आधार पर फीस वसूल रहा है, लेकिन युद्ध के बाद होने वाले समझौते में उसने होर्मुज पर टोल वसूलने की बात को लेकर शर्त के रूप में पेश करने का विचार भी जताया है। पिछले दिनों ईरान की संसद में भी एक प्रस्ताव दिया गया था कि होर्मुज से अन्य देशों के जहाजों को सुरक्षित गुजरने देने के लिए ईरान अनिवार्य रूप से ट्रांजिट शुल्क वसूल सकता है। इसका सबसे ज्यादा असर खाड़ी देशों के तेल व गैस उत्पादों पर दिखेगा साथ ही यूरोप तक सामान की आवाजाही महंगी हो सकती है।

# जोगणिया माता दरबार में उमड़ा आस्था का महासागर दुर्गाष्टमी पर 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**मोइनुद्दीन मनचला और जगदीश वैष्णव के भजनों पर झूमे भक्त; बूंदी महाराव वंशवर्धन सिंह हुए पूर्णाहुति में शामिल, संस्थान को मिली 80जी की स्वीकृति**







### नवमी पर महायज्ञ की पूर्णाहुति

स्मार्ट हलचल| जोगणिया माता/लाडपुरा

क्षेत्र के प्रसिद्ध ऐतिहासिक आस्था के केंद्र जोगणिया माता शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। दुर्गाष्टमी के अवसर पर लगभग ढाई लाख श्रद्धालुओं ने मातेश्वरी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर परिसर और रामलीला मैदान में आयोजित भव्य धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पूरा क्षेत्र माता के जयकारों से गूंज उठा। वहीं नवमी के दिन नौ दिवसीय पंचकुंडीय शतचंडी महायज्ञ की भव्य पूर्णाहुति के साथ अनुष्ठानों का समापन हुआ।

**संस्थान के विकास कार्यों और 80जी स्वीकृति की घोषणा:**

कार्यक्रम के दौरान जोगणिया माता संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने मां की महिमा का बखान करते हुए श्रद्धालुओं को संस्थान द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवग्रह नक्षत्र वाटिका, राम वाटिका, पौधरोपण, भव्य मंदिर निर्माण, वेद विद्यालय और गौशाला के प्रकल्प तेजी से चल रहे हैं। साथ ही, उन्होंने इनकम टैक्स विभाग द्वारा संस्थान को 80ए की स्वीकृति मिलने की अहम जानकारी दी और सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान स्व. बाबूजी भंवरलाल जोशी को भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।

**भजन संध्या में बही भक्ति की रसधार:**

रामलीला मैदान में आयोजित विशाल भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायकों ने समां बांध दिया। गायक जगदीश वैष्णव ने गणेश और माता वंदना प्रस्तुत की, वहीं मोइनुद्दीन मनचला ने 'राम आएंगे' और 'चौसठ जोगणिया रे' गाकर माहौल को शिवमय और शक्तिमय बना दिया। अशोक दास और वेदपाठी नवीन देवराज के 'नमो नमो जगदम्बा' व 'डोले बाजे रे मेरी माता के दरबार में' भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। कृष्णा इवेंट द्वारा प्रस्तुत गणेश जी, हनुमान जी और आदिवासी संस्कृति की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

**महायज्ञ की पूर्णाहुति में शामिल हुए बूंदी महाराव:**

नवरात्रि के अंतर्गत चल रहे नवदिवसीय पंचकुंडीय शतचंडी महायज्ञ की नवमी पर पूर्णाहुति वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर बूंदी के महाराव राजा वंशवर्धन सिंह अपनी धर्मपत्नी के साथ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डीवाईएसपी अंजलि सिंह (बेगूं), बानोड बालाजी के पंडित कैलाशचंद शर्मा, महंत राममुनि जी महाराज सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

अध्यक्ष जोशी ने बताया कि नवरात्रि के दौरान वेद विद्यालय के बटुकों द्वारा लोककल्याण के लिए शतचंडी पारायण, सवा पांच लाख नवार्ण महामंत्र जप, श्रीमद् देवी भागवत पारायण और गायत्री महामंत्र जप जैसे अनुष्ठान संपन्न किए गए।

# रीको द्वारा औद्योगिक भूखंडों के प्रत्यक्ष आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम द्वारा भीलवाड़ा जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में औद्योगिक भूखण्डों के प्रत्यक्ष आवंटन योजना (नौवां चरण) के अंतर्गत आवंटन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इस योजना के तहत कुल 324 औद्योगिक भूखण्ड आवंटन हेतु उपलब्ध कराए गए हैं।

जिले के औद्योगिक क्षेत्र फतेहपुरा-समेलिया में 231, करणपुरा में 42, कान्याखेड़ी में 04, उखलिया में 03, पण्डेर (गुलाबपुरा), तहसील जहाजपुर में 17, धुवाला, तहसील माण्डल में 12, पीपलूंद, तहसील जहाजपुर में 06 तथा किडीमाल, तहसील करेड़ा में 07 औद्योगिक भूखण्ड आवंटन के लिए उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त फतेहपुरा-समेलिया में 02 वेयरहाउस भूखण्ड भी उपलब्ध कराए गए हैं।

रीको के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री एस.के. नेनावटी ने जानकारी देते हुए बताया कि औद्योगिक क्षेत्र फतेहपुरा-समेलिया एवं पंडेर (गुलाबपुरा), तहसील जहाजपुर को फ्लेक्सिबल लीज पॉलिसी के अंतर्गत शामिल किया गया है। इसके तहत भूखण्डों का आवंटन विशेष रियायती आरक्षित दर के 60 प्रतिशत पर 33 वर्ष की लीज अवधि के लिए किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राइजिंग राजस्थान के अंतर्गत राज्य सरकार के साथ 02 मार्च 2026 तक एमओयू निष्पादित करने वाले निवेशक इस योजना में पात्र होंगे तथा भूखण्ड का आवंटन संबंधित एमओयू धारक के नाम से किया जाएगा।

इच्छुक निवेशकों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 06 अप्रैल 2026 सायं 6:00 बजे तक अमानत राशि जमा करानी होगी। एक भूखण्ड पर एक ही आवेदक होने की स्थिति में सीधा आवंटन किया जाएगा, जबकि एक से अधिक आवेदक होने पर ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया जाएगा। इस योजना के तहत भूखंड देखने या आवेदन करने के लिये निवेशक https://riico.rajasthan.gov.in पर दिए गए direct land allotment लिंक पर क्लिक करके विस्तृत विवरण देख सकते है।

निगम के नवीन प्रावधानों के अनुसार उद्यमियों की सुविधा के लिए 25 प्रतिशत राशि जमा कराने के बाद शेष 75 प्रतिशत राशि का भुगतान 19 त्रैमासिक किश्तों में 8.50 प्रतिशत ब्याज के साथ करने की सुविधा दी गई है। पूर्व में यह प्रावधान 11 किस्तों का था। 25 प्रतिशत राशि जमा करते ही आवंटन पत्र जारी कर भूखण्ड का कब्जा भी निवेशक को प्रदान कर दिया जाएगा।

**भीलवाड़ा के भदालीखेड़ा में अवैध ऑटो एलपीजी पम्प पर प्रशासन का ताबड़तोड़ एक्शन**

# बिना दस्तावेज चल रहा था गैस पम्प, मौके पर ही किया सील, ईसी एक्ट के उल्लंघन पर सख्ती, संचालक पर कार्रवाई शुरू

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिले में अवैध रूप से चल रहे रसोई गैस के कारोबारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती का डंडा चलाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को भदालीखेड़ा क्षेत्र में संचालित एक अवैध ऑटो एलपीजी पम्प पर जिला रसद विभाग ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध गैस कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के सख्त निर्देशों के बाद जिला रसद अधिकारी अमरेंद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित टीम ने क्षेत्र में



औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भदालीखेड़ा में एक ऑटो एलपीजी पम्प बिना किसी वैध दस्तावेजों के संचालित होता पाया गया।

जांच में सामने आया कि पम्प संचालक बिजेंद्र सिंह आवश्यक वस्तु अधिनियम के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहा था। नियमों की अनदेखी और बिना अनुमति गैस पम्प संचालन को गंभीरता से लेते हुए विभागीय टीम ने तत्काल प्रभाव से पम्प को सील कर दिया। साथ ही संचालक के खिलाफ नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद जिले में अवैध गैस रिफिलिंग और पम्प संचालन करने वालों में खलबली मच गई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिला कलेक्टर ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध गैस रिफिलिंग या बिना अनुमति पम्प संचालन होता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# बाइक चोर गैंग का पर्दाफाश, दो शातिर गुर्गे गिरफ्तार, 6 मोटर साईकिल जब्त, मौज शौक पूरा करने के लिए चुराते थे बाइक

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

गुलाबपुरा थाना पुलिस और डीएसटी ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए बाइक चोर गैंग का भंडाफोड़ करते हुए, 6 चोरी की मोटरसाईकिल बरामद कर गैंग के दो शातिर गुर्गों को पकड़ा है । पुलिस ने बताया की आरोपी अपनी शौक मौज पुरा करने के लिए बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देते है और दो बाइक चोर गोपाल लाल शर्मा व सुरज सिंह दरोगा को गिरफ्तार किया गया है। एसपी धर्मेन्द्र सिंह के आदेशानुसार जिले में मोटरसाईकिल चोरी की वारदातों के खुलासे व रोकथाम हेतु शाहपुरा एएसपी राजेश आर्य के निर्देशन और गुलाबपुरा



वृताधिकारी जितेन्द्र सिंह के सुपरविजन में गुलाबपुरा थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में डी.एस.टी. व साईबर सेल टीम से एक विशेष टीम का गठन किया गया। प्रार्थी ईश्वर लाल पिता दीपा कुम्हार उम्र 30 साल निवासी अटलपुरा जिला भीलवाडा ने 24.03.2026 को एक रिपोर्ट गुलाबपुरा थाने पर दी के बताया की मेरे भाई विनोद कुम्हार के नाम की मोटर साईकिल को मैं प्रार्थी 16.03.2026 को करीब 2.30 बजे लेकर अपने परिचित के घर कुम्हार मोहल्ला, गुलाबपुरा में गया था और मोटरसाईकिल को इनके घर के बाहर खड़ी कर हैण्डल लॉक कर चाबी अपने साथ लेकर घर के अन्दर चला गया और लगभग 1 घण्टे बाद जब वापस आया तो मोटरसाईकिल नही मिली कोई अज्ञात व्यक्ति उक्त मोटरसाईकिल चुरा कर ले गया। चोरी का मामला साथ कर चोरों की तलाश प्रारंभ की गई। गठित टीम ने मुखबीर व तकनीकी माध्यमों का सहारा लिया के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर सूचना संकलित कर चोरी करने वाले आरोपी गोपाल लाल पिता रामप्रसाद शर्मा उम्र 25 साल निवासी नन्दवाडा पुलिस थाना मसुदा जिला ब्यावर (राज.) एवं सुरज सिह पिता रामेश्वर दरोगा उम्र 25 साल निवासी नाडी मौहल्ला गुलाबपुरा थाना गुलाबपुरा जिला भीलवाडा (राज.) को गिरफ्तार कर उसके द्वारा चुराई गई मोटरसाईकिल व अन्य 5 मोटरसाइकिलें बरामद की गई।

गठित टीम में थानाप्रभारी के साथ संजय कुमार, महावीर प्रसाद सउनि, चन्द्रपाल सिंह एचसी डीएसटी, रविन्द्र थाना गुलाबपुरा विशेष योगदान रहा, अभेश कुमार, अनिल कुमार डीएसटी विशेष योगदान, पवन डीएसटी भीलवाड़ा विशेष योगदान, हरवीर, विशेष योगदान, गीतम सिंह डीएसटी विशेष योगदान और पवन डीएसटी से शामिल थे।

# पेट्रोल-डीज़ल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 रूपए प्रति लीटर की कटौती बड़ी राहत - सीपी जोशी

स्मार्ट हलचल| चित्तौड़गढ़

पश्चिम एशिया में चल रहे संकट के बीच केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीज़ल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में 10 प्रति लीटर की कटौती का निर्णय आमजन के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे जनहित में लिया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस जनहितकारी निर्णय के लिए आभार व्यक्त किया है।

सांसद सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा आमजन के हितों को सर्वोपरि रखा है। वैश्विक परिस्थितियों के कारण जब ईंधन की कीमतों पर दबाव बढ़ा तब भी केंद्र सरकार देशवासियों को राहत देने के लिए संवेदनशील और निर्णायक ले रही है।

सांसद सीपी जोशी ने कहा कि पेट्रोल और डीज़ल पर उत्पाद शुल्क में 10 रूपए प्रति लीटर की कटौती से आम जनता, किसानों, परिवहन क्षेत्र तथा छोटे व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे महंगाई के दबाव को कम करने में भी मदद मिलेगी और लोगों को राहत मिलेगी।

# सांसद दामोदर अग्रवाल ने भीलवाड़ा में बेहतर रेल कनेक्टिविटी व नए रेल मार्गो की सदन में रखी मांग

स्मार्ट हलचल| भीलवाडा

सांसद दामोदर अग्रवाल ने वस्त्रनगरी भीलवाड़ा की रेल कनेक्टिविटी में प्रगति एवं सुदृढ़ीकरण हेतु लोकसभा सदन में रेल मंत्री से रखी मांग। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल ने सदन के जीरो ऑवर में निम्नांकित प्रस्ताव की मांग रखी-1. अजमेर कोटा रेलमार्ग पर अजमेर से नसीराबाद वाया जलिन्द्री (मांड़लगढ़) नई रेलवे लाइन निर्माण हेतु । ज्ञात हो कि वर्ष 2013-2014 में अजमेर रेल्वे मंडल द्वारा अजमेर कोटा रूट की सर्वे रिपोर्ट रेल्वे बोर्ड के माध्यम से रेल मंत्रालय में जमा कराई गई थी और इस अजमेर कोटा रेलमार्ग को रेल मंत्रालय की पिंक बुक में भी शामिल किया गया था । इस योजना के अंतर्गत अजमेर से नसीराबाद वाया जलिन्द्री (मांड़लगढ़) से कोटा को रेलमार्ग से जोड़ना प्रस्तावित था तथा लोहरवाड़ा, जसवंतपुरा, सरना, गोयला, सरवाड़,



सूरजपुरा, कालेडा, कृष्णा गोपाल, अरवा, शक्करगढ़, मोतीपुरा, जलिन्द्री (मांडलगढ़) सहित 15 रेल्वे स्टेशनों नए बनाने व विकसित बनाने का प्रस्ताव रखा।2. मांडलगढ़ से भीलवाड़ा वाया बिगोद , सवाईपुर पर नई रेल्वे ट्रैक की आवश्यकता है जिससे उपरमाल के खनन व्यवसाय व स्थानीय निवासियों को रेल सुविधा का लाभ मिल सकेगा । 3. कोरोना महामारी से पूर्व अजमेर-बांद्रा रेल गाड़ी वाया भीलवाड़ा संचालित होती थी । गाड़ी सं 12995 - 12996 एवं 22901 -22902 जो अल्टरनेट दिन अजमेर से तथा उदयपुर से चित्तौड़गढ़ पर कनेक्ट होकर एक ट्रैन बनती थी जो विगत 5 वर्ष से अजमेर से संचालित नही होकर केवल उदयपुर से ही संचादलत हो रही है, जबकि यात्रीभार के अनुसार प्रतिदिन भीलवाड़ा से भी पूर्वानुसार 6 दिन होना आवश्यक है, साथ ही भीलवाड़ा से वैकल्पिक ट्रैन मुंबई के लिए होना जरूरी है, इसके अलावा इस रूट पर यात्रीयों का अधिक आवागमन होने के कारण मुंबई के लिए अजमेर से भीलवाड़ा वाया रतलाम होते हुए अन्य ट्रैन डायवर्ट करने की आवश्यकता है।3. गत कई दशकों से भीलवाड़ा से दिल्ली के लिए वर्तमान में एक ट्रैन चेतक एक्सप्रेस संचालित है, जबकि मीटर गैज के समय भी भीलवाड़ा - दिल्ली रूट पर 2 ट्रैन क्रमशः चेतक एक्सप्रेस एवं पिंक सिटी गरीब नवाज थी । इसलिए उदयपुर वाया भीलवाड़ा जयपुर होते हुए दिल्ली की नई ट्रैन प्रारंभ होना नितांत आवश्यक है।सांसद अग्रवाल ने कहा कि मेरा इस प्रस्ताव के माध्यम से केन्द्र सरकार से यह मांग है कि वस्त्रनगरी भीलवाड़ा की रेल कनेक्टिविटी में प्रगति एवं सुदृढ़ीकरण हेतु उचित कार्यवाही हो।

# टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य हेतु मिला राज्य स्तरीय सम्मान



स्मार्ट हलचल| बूंदी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बूंदी जिले को टीबी मुक्त भारत अभियान में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम जयपुर स्थित होटल हॉलिडे इन में आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेशभर से स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बूंदी के जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. कुलदीप मीणा को टीबी उन्मूलन की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान डायरेक्टर पब्लिक हेल्थ एवं स्टेट टीबी ऑफिसर द्वारा प्रदान किया गया।डॉ.मीणा के नेतृत्व में बूंदी जिले ने टीबी मरीजों की पहचान, उपचार एवं जागरूकता अभियानों में सराहनीय प्रदर्शन किया है।

कार्यक्रम में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने में योगदान देने वाले जिलों और अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि बूंदी जिले का कार्य अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर डॉ. कुलदीप मीणा ने इस उपलब्धि का श्रेय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन तथा एनटीइपी टीम के अथक परिश्रम को दिया। उन्होंने कहा कि टीम वर्क और निरंतर प्रयासों के कारण ही बूंदी जिले ने यह सफलता प्राप्त की है। डॉ. कुलदीप मीणा ने इस सम्मान को पूरी स्वास्थ्य टीम एवं जिले के नागरिकों को समर्पित करते हुए कहा कि भविष्य में भी टीबी उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

**भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026**

# तीन दिवसीय भव्य आध्यात्मिक महोत्सव की तैयारियां चरम पर, धर्म और सेवा होगा संगम

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** सकल जैन श्वेताम्बर समाज, भीलवाड़ा के तत्वावधान में भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव 2026 को लेकर पूरे शहर में भक्ति, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण निर्मित हो चुका है। 29, 30 एवं 31 मार्च को आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

महोत्सव को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मजागरण, अहिंसा, संयम और मानवता के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का एक दिव्य अवसर है। समाज के सभी वर्गों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और हर कोई इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने को आतुर है।

महोत्सव के दौरान भगवान महावीर के पावन जीवन, उनके तप, त्याग और सत्य-अहिंसा के संदेश को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जीवंत किया जाएगा। बच्चों में संस्कार और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु 27 भवों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता तथा भगवान महावीर के जीवन पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा। वहीं नाटिका, संगीतमय भक्तिसंध्या और प्रवचनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति कराई जाएगी।

प्रातःकालीन प्रभातफेरी, अभिषेक एवं ध्वजारोहण जैसे धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण भक्तिमय रहेगा। महोत्सव के अंतिम दिन 31 मार्च को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें भगवान महावीर के संदेशों को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा।

इसी के साथ महोत्सव के दौरान विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन भाग लेकर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करेंगे। आयोजकों का मानना है कि रक्तदान महादान है और इसके माध्यम से जरूरतमंदों को जीवनदान देने का पुण्य अवसर प्राप्त होगा।

आयोजकों ने शहरवासियों से विशेष अपील करते हुए कहा है कि 31 मार्च को मुख्य आयोजन के अवसर पर अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान दोपहर 2 बजे तक बंद रखकर धर्मकार्य में सहभागिता निभाएं। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के एकजुट होकर धर्म और सेवा के पथ पर आगे बढ़ने का अवसर है।

महोत्सव को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। संरक्षक मंडल में नवरत्नमल बंब, राजेन्द्र प्रसाद चिपड, जससराज चोरड़िया, विनोद कुमार बंब एवं गोवर्धन सिंह कावड़िया जैसे वरिष्ठजन मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। संयोजक दिलीप मेहता के नेतृत्व में सह-संयोजक नवरत्नमल भलावत, योगेश चंडालिया, पारसमल कूकड़ा एवं ज्ञानमल सुराणा, सुशील चपलोत प्रकाश पीपाड़ा आनंद चपलोत सक्रिय रूप से व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। कोषाध्यक्ष नरेंद्र सिंह भंडारी, मीडिया संयोजक धर्मेन्द्र कोठारी एवं मनीष बम्ब सहित अनेक कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि महोत्सव को भव्य, सुव्यवस्थित और यादगार बनाने के लिए अलग-अलग समितियों का गठन कर प्रत्येक कार्य की सूक्ष्म योजना बनाई गई है। प्रशासनिक व्यवस्था से लेकर शोभायात्रा, प्रचार-प्रसार, स्नेहभोज और सेवा कार्यों तक हर क्षेत्र में विशेष टीमों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

समिति के अनुसार यह महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, एकता और सेवा भावना का प्रतीक बनेगा। भगवान महावीर का अहिंसा, अपरिग्रह और सत्य का संदेश आज के युग में और भी प्रासंगिक है, जिसे यह महोत्सव जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

पूरे भीलवाड़ा में इस महोत्सव को लेकर भक्ति की गूंज सुनाई दे रही है और ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो शहर स्वयं धर्ममय हो उठा हो। श्रद्धालु परिवार सहित इस आयोजन में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं और महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए समाज पूर्ण रूप से एकजुट नजर आ रहा है। यह आयोजन न केवल आस्था का पर्व है, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवता का जीवंत उदाहरण बनेगा।

# एएसआई कैलाश पलासिया के निधन से छाया शोक

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिले के आसींद में पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में कार्यरत एएसआई कैलाश पलासिया का निधन हो गया है उनके निधन से परिजनों और स्टाफ में शौक की लहर छा गई है । उन्हे तबियत बिगड़ने के बाद भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था रविवार रात को उनकी तबियत ज्यादा खराब हो गई थी उसके बाद परिजन उन्हें सोमवार को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे । बीते चार दिनों से वह अस्पताल में ही भर्ती थे । उनको उल्टी दस्त और शुगर स्तर



बढ़ने की समस्या हुई थी । उनके पैतृक गांव पलासिया का बाडिया राजियावास ब्यावर में उनका अंतिम संस्कार गमगीन माहौल में किया गया । उनके निधन से परिजन, प्रियजन और पुलिस कर्मी शोक संतप्त है।

एमजीएच में एम्बुलेंस माफिया द्वारा मारपीट करने का मामला

# ‘हिंदू संगठन’ के नाम पर खुलेआम गुंडागर्दी, पीड़ित ने कलेक्टर,एसपी से लगाई न्याय की गुहार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** वस्त्रनगरी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल, महात्मा गांधी चिकित्सालय (एमजीएच) में एम्बुलेंस माफिया की गुंडागर्दी और लूटखसोट के मामले में पीडित ने जिला कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई है। खुद को ‘हिंदू संगठन’ का बताकर सहानुभूति बटोरने वाले एंबुलेंस चालक दो सगे भाइयों ने न केवल एक बेबस तीमारदार को लूटा, बल्कि बीच-बचाव करने आई महिला के साथ भी अभद्रता की।

सोनियाणा (सहाड़ा) निवासी सुनील जाट ने जिला कलेक्टर को सौंपे परिवाद में सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। सुनील की पत्नी रतनी जाट एमजीएच में गंभीर हालत में भर्ती थी, जिन्हें डॉक्टरों ने उदयपुर रेफर किया। इसी दौरान आनंद शर्मा उर्फ आलू और उसके भाई दीपक शर्मा ने सुनील को घेर लिया। आरोपियों ने खुद को ‘हिंदू संगठन’ का बताकर झांसा दिया कि ‘मुस्लिम समुदाय के लोगों से 10 हजार लेते हैं, तुम हिंदू हो इसलिए 4 हजार दे दो।’ सुनील ने घबराहट में 4 हजार रुपये दे दिए।

### नर्सिंग स्टाफ के नाम पर माँगे 12 हजार, मना किया तो बरपाया कहर

रुपये ऐंठने के बाद आरोपियों की भूख और बढ़ गई। उन्होंने ऑक्सीजन और नर्सिंग स्टाफ के नाम पर 12 हजार रुपये और माँगे। जब सुनील ने असमर्थता जताई और अपने 4 हजार रुपये वापस माँगकर 108 एम्बुलेंस से जाने की बात कही, तो दोनों भाई हैवानियत पर उतर आए। आरोपियों ने सुनील के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसके गले से एक तोला सोने की चेन लूट ली।




### महिला के साथ अभद्रता , भीमगंज पुलिस की सुस्ती पर सवाल,आखिर किसका है पुलिस पर दबाव??

हद तो तब हो गई जब सुनील को बचाने आई उसकी बड़ी सास अन्नु देवी के साथ भी इन गुंडों ने बदतमीजी की। आरोप है कि दोनों भाइयों ने महिला की चोटी पकडक़र घसीटा और उनके साथ अभद्रता की। पीडित का आरोप है कि इतनी संगीन वारदात के बावजूद भीमगंज थाना पुलिस ने अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है, जिसके चलते उसे न्याय की गुहार लगाने सीधे कलेक्टर की चौखट पर पहुँचना पड़ा।

### एम्बुलेंस माफिया के आतंक से दहशत में मरीज और उनके परिजन

एमजीएच के बाहर सक्रिय यह एम्बुलेंस माफिया न केवल मरीजों की मजबूरी का फायदा उठा रहा है, बल्कि अब लूटपाट और छेड़छाड़ जैसी वारदातों को अंजाम देने से भी नहीं कतरा रहा। पीडित ने कलेक्टर से मांग की है कि दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर लूटी गई चेन बरामद की जाए और भीमगंज पुलिस की लापरवाही की जांच की जाए।

## रायला थाने का एसपी धर्मेंद्र सिंह ने किया औचक निरीक्षण



स्मार्ट हलचल

**रायला।** जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने शुक्रवार को रायला थाना परिसर का औचक निरीक्षण किया। उनके आगमन पर पुलिस जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना रिकॉर्ड, लंबित प्रकरणों एवं पुलिस व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने मालखाना, हवालात और थाना परिसर की मेस व साफ-सफाई का भी जायजा लिया।

एसपी ने थानाधिकारी मूलचन्द वर्मा व स्टाफ को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखा जाए। साथ ही नियमित गश्त बढ़ाने व संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए पुलिस कर्मियों को अनुशासन व जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य सीओ गुलाबपुरा जितेंद्र सिंह व थाना स्टाफ मौजूद रहा।

## सुवाणा में बुलेट के मॉडिफाइड साइलेंसर के पटाखे के शोर से डरी बच्ची, टोकने पर पिता पर दबंगों ने चाकू से किया हमला

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** शहर के नजदीकी गांव सुवाणा में दबंगों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब उन्हें कानून और खाकी का कोई खौफ नहीं रह गया है। महज़ बुलेट से पटाखे फोड़ने और शोर मचाने से रोकने पर दबंगों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद पूरे गांव में भारी आक्रोश व्याप्त है।

घटना सुवाणा के भांभी मोहल्ले की है। पीड़ित छगनलाल (35) पुत्र हेमराज बुनकर ने अस्पताल में बताया कि गुरुवार रात वह अपने घर में था, तभी गांव के ही दो लड़के बुलेट लेकर आए और घर के सामने



कानफोडू धमाके (साइलेंसर से पटाखे) करने लगे। तेज आवाजों से घर में मौजूद मेरी बच्ची हिमांशी बुरी तरह सहम गई और रोने लगी। जब छगनलाल ने बाहर निकलकर शालीनता से उन्हें शोर न करने को कहा, तो आरोपी गाली-गलौज और जातिगत अपमान करने पर उतारू हो गए।

### सरेआम चाकूबाजी और हमलवार फरार

विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी पवन जाट ने तैश में आकर छगनलाल के घुटने पर चाकू से गहरा वार कर दिया। लहूलुहान हालत में छगनलाल जमीन पर गिर पड़ा और आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल को तुरंत स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ उसका उपचार जारी है।

### पुलिस ने दर्ज की एफआईआर तलाश जारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस दीवान जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट पर मुख्य आरोपी पवन जाट और उसके साथी पिंटू उर्फ शुभम के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दे रही है।

## खटीक समाज विकास एवं कल्याण समिति की बैठक आयोजित



स्मार्ट हलचल| उदयपुर

खटीक समाज विकास एवं कल्याण समिति, उदयपुर (ग्रामीण) की बैठक 26 मार्च को पावर हाउस देबारी स्थित जोगणीया माता मन्दिर प्राग्रण में समिति के अध्यक्ष भेरूलाल तंवर सांगवा के अध्यक्षता एवं समिति के संरक्षक मण्डल एवं मंत्रीमण्डल की उपस्थिती में आयोजित कि गई। बैठक में समाज में व्यापत विभिन्न कुरितियो पर अकुंश लगाने पर चर्चा कि गई साथ ही सामाजिक उत्थान हेतु समस्त उपस्थित समाज जनो एवं पदाधिकारायों से प्राप्त सुझाव को लागु करने पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में अध्यक्ष भेरूलाल तंवर सांगवा द्वारा बताया गया कि एक वर्ष पूर्व ग्रामीण एकता मचं के माध्यम से चौखले के विभिन्न गांवो में जाकर सामाजिक उत्थान एवं विकास का प्रयास करने पर समाज में जागरूकता एवं एकता का स्वरूप परिणाम प्राप्त हुआ। ग्रमीण एकता मर्च के एक वर्ष पुर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 12 अप्रैल 2026 को वर्षगांव का कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव सर्व समिति से पारित किया गया है। कार्यक्रम में राजसमन्द, भीलवाडा, चितौडगढ एवं उदयपुर के खटीक समाज के संगठनो के पदाधिकारी सम्मिलित होगे। 12 अप्रैल 2026 को आयोजित कार्यक्रम में बैठक चौखले के समाज के विद्यार्थीयो का जिन्होने शिक्षा सत्र 2025-26 मे कक्षा 5 एवं 8 में । ग्रेड से एवं कक्षा 10 एवं 12 में 75 प्रतिशत से परीक्षा उर्तीण की है उनका खटीक समाज विकास एवं कल्याण समिति, उदयपुर (ग्रामीण) विशेष रूप से सम्मान किया जायेगा।

## स्वर्ण कलश समारोह के तहत ध्वज स्थापना कार्यक्रम आयोजित



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** कस्बे में भगवान लक्ष्मी नाथ, नाहर सिंह माता व तेजाजी महाराज मंदिर पर स्वर्ण कलश स्थापना समारोह के तहत ध्वज स्थापना कार्यक्रम आयोजित हुआ ।आयोजित कमेटी के सदस्यों ने बताया की इस दिन ध्वज पूजन प्रातः8.15 बजे भगवान लक्ष्मी नाथ मंदिर पर पंडित गोपाल भट्ट द्वारा वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ प्रारंभ हुआ। इसके बाद ध्वज भ्रमण गांव के प्रमुख मार्गो से होते हुए 10.30 बजे कोतावत नोहरा यज्ञ स्थल पर पहुंचीं। 12:15 बजे वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ध्वज स्थापना कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कोटडी पूर्व उप प्रधान ब्रजराज कृष्ण उपाध्याय, पूर्व नायब तहसीलदार सत्यनारायण आचार्य,

विनोद असावा, जमनालाल जोशी, सत्यनारायण डाड, जगदीश बांगड़, प्रकाश पाराशर लादू तिवाडी, गंगाधर पारीक, भानु प्रताप, धर्मेंद्र जोशी ,सत्य प्रकाश कोतावत, प्रभु तेली, ब्रह्मा लाल मीणा, किशन सेन, राजू सुथार, श्याम लाल काष्ठ, सत्य नारायण काबरा, कृष्ण गोपाल आचार्य भाग लिया। इसके साथ ही कार्यक्रम की सभी तैयारियां प्रारंभ हो गई।

## गुरला में माली समाज ने मनाया फूल डोल महोत्सव, भगवान राम सीता लक्ष्मण जी की निकली भव्य शोभायात्रा

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा राजसमन्द राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसे गुरलां कस्बे के माली मौहल्ला स्थित श्रीराम मंदिर पर प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीरामनवमी के पावन अवसर एवं फुलडोल महोत्सव के आयोजन को लेकर शौभायात्रा निकाल भव्य अखाड़ा प्रदर्शन करते हुए सनातनियों द्वारा प्रभु श्रीराम के जन्म महोत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरलां संवाददाता बद्री लाल माली ने बताया कि प्रभु श्रीराम के



जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम में जय श्रीराम जय जय श्रीराम के जयघोष के साथ ही प्रभु श्रीराम दरबार की भव्य झांकी शौभायात्रा के रूप में निकली तो ढोल नगाड़ो की थाप पर माली समाज के जाबांझ पहलवानों ने हैरत अंगेज अखाड़ा प्रदर्शन कर युवाओं ने श्री रामभक्तो का मन मोह लिया। अखाड़ा प्रदर्शन के दौरान जय श्रीराम जय जय श्रीराम के नारो से समूचे गांव के रामभक्तो द्वारा शौभायात्रा पर जगह-जगह पर पुष्प वर्षा की गई।

माली नव बताया कि श्रीरामनवमी के अवसर पर गुरलां स्थित श्रीराम मंदिर को रंगबिरंगी आकर्षक विद्युत रौशनी के साथ ही नाना प्रकार के फूलों से निर्मित पुष्प मालाओं की लड़ियों से दुल्हन की तरह सजाया गया तो साथ ही साथ मन्दिर परिषर में विविध रंगों से आकर्षक रंगोलीयां भी सजाई गई। ये शौभायात्रा मालीयो के चौक से शुरू होकर सहकारी समिति, सदर बाजार, जैन मंदिर बड़ा मंदिर गई। बाद इसके शौभायात्रा पुनः श्रीराम मंदिर पहुँची।

## 35 फीट ऊंचे रावण का आज होगा दहन, सुनेल में तैयारियां पूरी

स्मार्ट हलचल | सुनेल



चैत्र नवरात्र के पावन दशहरे पर्व पर शनिवार को कस्बे में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पिड़ावा मार्ग स्थित बीएसएनएल ऑफिस के सामने दशहरा मैदान में ग्राम पंचायत के तत्वावधान में करीब 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। ग्राम पंचायत प्रशासक सरपंच सीमा जयपुरी ने बताया कि रावण के विशाल पुतले को आकर्षक रूप से तैयार किया गया है और कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। दशहरा मैदान में सुरक्षा व्यवस्था और आतिशबाजी की विशेष तैयारियां की गई हैं। कार्यक्रम के तहत भगवान श्रीराम की पालकी राम मंदिर से रवाना होकर छत्री चौक और मेला मैदान होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगी। इसके बाद विधि-विधान के साथ रात्रि 8 बजे रावण दहन किया जाएगा। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी भी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगी। रावण दहन कार्यक्रम को लेकर कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शक इस आयोजन को देखने के लिए पहुंचेंगे।

## हरनी महादेव मंदिर एवं चावुंडा माता मंदिर में जागरूकता गतिविधि आयोजित



स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक धर्मराज प्रतिहार के अनुसार भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत हरनी महादेव मंदिर एवं चावुंडा माता मंदिर में बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई, गतिविधि के दौरान मंदिर के पुजारी एवं श्रद्धालुओं को बाल विवाह अधिनियम की जानकारी दी गई, बाल विवाह रोकथाम की जागरूकता के पोस्टर लगाए गए एवं बाल विवाह रोकथाम के लिए आसपास के दुकानदारों को बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता किया गया एवं बाल विवाह की जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देने के लिए बताया गया, जानकारी दी है कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जानकारी देने वाल का नाम गोपनीय रखा जाता है। इस गतिविधि में जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी अनुराधा तोलंबिया, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 काउंसलर निर्मला पुरोहित एवं केस वर्कर सुमन साहू ने जानकारी दी।

## सांसद सीपी जोशी ने ई-मित्र संचालकों की समस्याओं का मुद्दा उठाया

स्मार्ट हलचल| नई दिल्ली/ चित्तौड़गढ़

चित्तौडगढ़ सांसद सांसद सीपी जोशी ने लोकसभा में ई-मित्र सेवा केन्द्रों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए सरकार का ध्यान ई-मित्र संचालकों की समस्याओं की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि ई-मित्र सेवा केन्द्र डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम बन चुके हैं। सांसद सीपी जोशी ने कहा कि आज राजस्थान सहित देश के अनेक क्षेत्रों में ई-मित्र केन्द्र आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लाखों लोग विभिन्न सरकारी योजनाओं, प्रमाण पत्रों, बिल भुगतान, पंजीकरण और अनेक ऑनलाइन सेवाओं का



लाभ इन्हीं केन्द्रों के माध्यम से प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रकार ई-मित्र केन्द्र सरकार और आमजन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में कार्य कर रहे हैं।

सांसद सीपी जोशी ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद ई-मित्र संचालक निरंतर नागरिकों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं, किन्तु वर्तमान में उन्हें अनेक व्यवहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सांसद जोशी ने सरकार से आग्रह किया कि ई-मित्र संचालकों को मिलने वाले कमीशन की दरों में वृद्धि की जाए तथा उनकी सेवाओं के अनुरूप दरों का पुनः निर्धारण किया जाए। उन्होंने कहा कि संचालकों को अपने केन्द्रों का किराया, बिजली, इंटरनेट, मशीनों का रख-रखाव सहित अन्य सभी खर्च स्वयं वहन करने पड़ते हैं, जिससे आर्थिक दबाव बढ़ता है।

सांसद सीपी जोशी ने यह भी कहा कि कई बार पोर्टल और विभागीय सर्वर डाउन होने के कारण कार्य बाधित हो जाता है, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है। इसलिए डिजिटल सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए तकनीकी ढांचे को और अधिक मजबूत बनाए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने यह मुद्दा भी उठाया कि कई बार आवेदकों द्वारा दस्तावेजों में त्रुटियां होने के बावजूद उसकी जिम्मेदारी ई-मित्र संचालकों पर आ जाती है, इसके लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश और संतुलित व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई मामलों में भुगतान कट जाने के बावजूद सेवा पूरी नहीं हो पाती, जिससे नागरिकों को परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में समयबद्ध रिफंड प्रणाली तथा प्रभावी शिकायत निवारण तंत्र की भी आवश्यकता है। सांसद सीपी जोशी ने सरकार से आग्रह किया कि ई-मित्र सेवा केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण, तकनीकी व्यवस्था के सुधार और संचालकों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक नीतिगत कदम उठाए जाएँ, ताकि डिजिटल सेवाओं का लाभ आम नागरिकों तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुँच सके।

## कदमाली में ‘एकल श्री हरि रथ’ के साथ गूंजा जय श्री राम



स्मार्ट हलचल

**निम्बाहेड़ा।** समीपवर्ती ग्राम कदमाली में राम जन्मोत्सव बड़ी धुमधाम से मनाया गया। केली संच प्रमुख प्रहलाद उपाध्याय ने बताया कि एकल अभियान के तत्वावधान में एकल श्री हरि रथ का धर्म जागरण, सामाजिक समरसता ओर संस्कार को बढावा देने हेतु श्रीराम लला आरती, सत्संग, और रामायण के प्रसंग स्ध्रष्ठ. स्ष्ह्द्गद्दह्ठ दिखाते हुए गाँव गाँव में प्रवास हो रहा है। प्रत्येक गाँव में बड़े उत्साह से रथ का स्वागत किया जा रहा है। इसी क्रम में रामनवमी पर कदमाली गाँव में भी बड़े हर्ष उल्लास से स्वागत किया गया। रथ प्रमुख ठकरा राम, रथ सारथी रघु नाथ का उपरणा से ग्राम समिति ने स्वागत किया। ठाकुर रघु वीर सिंह, पटेल रोडी लाल, बन्शी लाल नायक, गोपाल बंजारा, नेता बजे राम, हिरा लाल नायक, रतन लाल गायरी, प्रकाश गायरी, लालचंद गायरी, आचार्य रविना गायरी, चंदा गायरी, हिना मीणा, यशोदा बाई, सहित कई महिला, पुरूषों, व बच्चों ने राम जन्मोत्सव में भाग लिया ओर राम लला की आरती की। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया ओर ग्रामीण जनो ने राम प्रसंग का आनंद लिया।

## शस्त्र पूजन, कन्या पूजन और ’दशावतार’ नृत्य नाटिका के साथ संपन्न हुआ भव्य ’सशस्त्र गरबा’

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

नववर्ष विक्रम संवत के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत, रामनवमी के पावन पर्व पर हिरण मगरी क्षेत्र में शौर्य, शक्ति और भक्ति का ऐतिहासिक समागम आयोजित किया गया। आयोजित इस समारोह में सांस्कृतिक वैभव के साथ-साथ पारंपरिक अखाड़ा प्रदर्शन और साहसिक नृत्य नाटिकाओं ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह का शुभारंभ सनातन परंपरा के अनुसार विधि-विधान





से कन्या पूजन एवं सामूहिक शस्त्र पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण ’दशावतार’ नृत्य नाटिका रही, जिसमें भगवान विष्णु के विभिन्न स्वरूपों का मनमोहक चित्रण किया गया। इसके साथ ही, ’महिषासुर मर्दिनी’ नाटिका के माध्यम से माँ दुर्गा के साहसिक स्वरूप और महिषासुर वध का जीवंत मंचन किया गया, जिसने दर्शकों में जोश भर दिया। युवाओं द्वारा प्रस्तुत अखाड़ा प्रदर्शन और पारंपरिक शस्त्र संचालन के हैरतअंगेज करतबों ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए।

### अतिथियों का गरिमामयी सानिध्य:

इस अवसर पर मंगलेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी श्री अर्जुन लाला जी शर्मा का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथियों में ’आओ मंदिर चलें’ अभियान के संयोजक एवं प्रसिद्ध चित्रकार श्री पुष्कर लोहार, उपभोक्ता संरक्षण मंच के न्यायाधीश श्री भारत भूषण ओझा, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के व्याख्याता एवं वरिष्ठ पत्रकार, तथा भवानी प्रसाद झाला उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में भारतीय संस्कृति के संरक्षण, राष्ट्रवाद और आत्मरक्षा के लिए शस्त्र एवं शास्त्र दोनों की महत्ता पर बल दिया।

शौर्य और संस्कृति का संगमः

आयोजन समिति के अनुसार, नववर्ष की इस कार्यक्रम श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों, गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना है। कार्यक्रम के अंत में भव्य महाआरती की गई और सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# महाराव भीमसिंह स्टेडियम की दीवारों को तोड़ना सरकार द्वारा लगाये गए धन की जनहानि है

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** 27 मार्च को सांगोद कांग्रेस शासन में करोड़ों रुपये की लागत से किया गया विकास के स्वरूप को बिगाड़ने को लेकर जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद के नेतृत्व मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी के नाम उपखंड कार्यालय पर तहसीलदार जतिन दिनकर को ज्ञापन देखकर जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष असरार अहमद कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोज सुवालका पूर्व पार्षद राजेन्द्र गहलोत ने बताया कि महाराव भीमसिंह खेल मैदान का निर्माण पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय भरतसिंह कुंदनपुर के द्वारा कांग्रेस के शासन में करोड़ों रुपये खर्च कर बनवाया था जिसमें खिलाड़ियों के खेलने के लिए सभी सुविधाएं मौजूद थीं वह सांगोद नगरवासियों के घूमने व वाक करने के लिए इंटरलॉकिंग करवा कर रोड बनवाया हुआ था जिसके साथ ही अंदर बाउंड्रीवाल वाल बनी हुई थी जिसमें मुख्यमंत्री की सभा करवाने के लिए खेल मैदान में गिट्टी डाली गई थी उस गिट्टी की वजह से खेल मैदान में खेलने वाले खिलाड़ियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ा इस खेल मेंदान की दुर्दशा के विरोध में भरतसिंह कुंदपुर के द्वारा विरोध प्रदर्शन कर अपने सिर का मुंडन भी करवाया था अभी कुछ दिनों पूर्व से खेल मैदान के अंदर की बाउंड्री दीवार को तोड़कर खेल मैदान के विस्तार की बात कही जा रही है इस प्रकार खेल मैदान की बनी हुई बाउंड्री दीवार को तोडना वह उसका स्वरूप बिगाड़ना सरकार के द्वारा लगाए गए धन की जन हानी है यदि महाराव भीमसिंह स्टेडियम छोटा लगता है तो सांगोद में एक और बड़े खेल मैदान का निर्माण करवाया जा सकता है जिससे सरकार द्वारा लगाए हुए धन का जनता के लिए सद उपयोग होगा साथ ही असरार अहमद ने कहाँ करोड़ों रुपये की लागत से कोटा रोड पर सीसी रोड वह उजाड़ नदी की छोटी पुलिया पर सी सी निर्माण किया गया था लेकिन अब जलदाय विभाग द्वारा डाली जा रही पानी की पाइप लाइन को कोटा रोड उजाड नदी की छोटी पुलिया को काट कर डाली जा रही है जिससे उजाड नदी के पानी निकासी के लिए डाले गए पाइप का पानी बंद हो जाएगा ऊपरी हिस्से पर जलभराव होने से गणेश कुन्ज मे जल स्तर बढ़ने की संभावना बनेंगी इसलिए छोटी पुलियां पर डाली जारही पानी की पाइप लाइन को उजाड नदी की बड़ी पुलिया पर होकर निकाला जाए वह कांग्रेस के शासन में जगह जगह पर किए गए करोड़ों रुपए के विकास कार्य के स्वरूप को न बिगाड़ा जाए ज्ञापन देने वालों में जगदीश नागर शौकत अंसारी ऋषिराज जादम महमूद बेग भवानी शंकर रेगर मोइनुद्दीन भूरिया मोहम्मद शरीफ इसराइल अंसारी रफीक ठेकेदार अंकुश शर्मा रफीक नियारगिर इकबाल सिंगीवाला सुरेश जाकिर टिल्लू अमजद अंसारी तारिफ अंसारी शोएब खान मोहम्मद रईस शाकिर खान भगवान सिंह पिट्टू गुलाब सिंह मुकेश समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जयपुर में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस की 'हुंकार'



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जयपुर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग द्वारा जयपुर के शहीद मार्ग पर बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडरों के बढ़ते दामों के खिलाफ विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के दिशा-निर्देशन और अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एम.डी. चोपदार की अगुवाई में आयोजित इस प्रदर्शन में ब्यावर जिले से प्रदेश कॉर्डिनेटर ऋषि लाम्बा, प्रदेश सचिव शाकिर कुरैशी और मजीद कुरैशी ने प्रमुखता से भाग लिया।

### आमजन का बजट बिगड़ा:

प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों पर जमकर प्रहार किया। वक्ताओं ने कहा कि रसोई गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि और कमर्शियल सिलेंडरों की कमी ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। विशेष रूप से महिलाओं का गृहस्थी चलाना दूभर हो गया है।

### आंदोलन की चेतावनी:

अल्पसंख्यक विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया कि 'रसोई की आग अब आंदोलन बन चुकी है।' जब तक सरकार कीमतों में कमी कर राहत प्रदान नहीं करती, कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर जनता के हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस दौरान सेवादल अध्यक्ष हेमसिंह शेखावत, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, विधायक गंगा देवी और जयपुर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कलक्टर के अनुमोदन बिना नहीं होगी प्रतिनियुक्ति

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

कार्यालय जिला कलक्टर के विभिन्न अनुभागों एवं कार्यालयों में बिना जिला कलक्टर के अनुमोदन के किसी भी कार्मिक की प्रतिनियुक्ति नहीं हो सकेगी। जिला कलक्टर नमित मेहता ने इस आशय के आदेश जारी किए। जारी आदेशों में बताया कि कार्यालय के अधीन अनुभागों/कार्यालयों में (उपखण्ड एवं तहसील कार्यालयों) जिला कलक्टर से अनुमोदन प्राप्त किए बिना ही अन्य विभागों के कर्मियों को प्रतिनियुक्ति/कार्यव्यवस्थार्थ रूप से लगाया जाना उचित नहीं है। भविष्य में अन्य विभागों के कर्मियों को प्रतिनियुक्ति/कार्यव्यवस्थार्थ रूप से लगाए जाने हेतु प्रस्ताव जिला कार्यालय को प्रेषित किए जाए। प्रतिनियुक्ति आदेश जिला कार्यालय से ही जारी किए जाएंगे। निर्देशों की पालना नहीं किए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

# कलश यात्रा व शोभायात्रा के साथ नोहरा गांव में नौ दिवसीय 21 कुंडात्मक विष्णु महायज्ञ की शुरुआत, श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर कस्बे के निकटवर्ती नोहरा ( जित्यास ) गांव में काली छाट के देवनारायण मंदिर पर 21 कुंडात्मक विशाल श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन को लेकर शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा व शोभायात्रा निकाली गई, इसके साथ ही नौ दिवसीय विष्णु महायज्ञ की शुरुआत हुई । ग्रामीणों ने बताया कि काली छाट के देवनारायण मंदिर पर 2 दिसंबर 2025 से शुरू हुए अखंड 108 रामायण का पाठ की पूर्णाहुति के उपलक्ष्य पर श्री विष्णु महायज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन को लेकर नौ दिवसीय 21 कुंडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ हुआ । कलश यात्रा सुबह 10:15 बजें गांव की धर्माऊ कुई से शुरू हुई, इस कलश यात्रा में नोहरा सहित जित्यास, गेगा के खेड़ा, पारोली, हाथीपुरा, कानावतों का खेड़ा व बोर्डियास गांवों से गाजे-बाजे के साथ चारभुजा नाथ के बैवाण नोहरा गांव पहुंचे । यहां धर्माऊ कुई से सभी बैवाणो की शोभायात्रा के साथ 151 कलशों की कलशयात्रा शुरू हुई । इस दौरान 151 महिलाएं एवं बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुई, कलश यात्रा गाजे-बाजे, ढोल नगाड़ों के साथ गांव के विभिन्न मांगों से होते हुए देवनारायण मंदिर पर पहुंची, इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा शोभायात्रा व कलश यात्रा का पुष्प वर्षा व रंग-गुलाल उड़ाकर स्वागत किया । भक्तिमय भजनों पर महिला-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे सभी मंत्रमुग्ध होकर नाचने झुमने लगे । देवनारायण व चारभुजानाथ की आरती के बाद बैवाणो को यज्ञशाला में विराजमान करवाया गया । इसके बाद दोपहर 4:15 बजे यज्ञाचार्य धर्मनारायण व सह यज्ञाचार्य हरिशंकर दाधीच ने मंत्रोच्चार व पूजा अर्चना कर मंडप प्रवेश व पंचांग की पूजन की । इस दौरान दीपक पुरी जी महाराज भी पहुंचे, जिनके ग्रामीणों स्वागत किया । महायज्ञ के साथ ही श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया जा रहा, जिसमें प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक भागवत कथा का वाचन होगा । मेले में डॉलर, चकरी, झूले भी लगे हैं, जिसमें झुलकर लोगों ने खूब आनंद उठाया ।।

### प्रधान कुंड की बोली 1 लाख 71 हजार पर छुट्टी

देवनारायण भगवान के यहां आयोजित हो रहे 21 कुंडात्मक श्री विष्णु महायज्ञ में कई बोलिया लगाई गई, जिसमें प्रधान कुंड की बोली लगाई गई, यह बोली नोहरा निवासी बद्रीलाल जाट ने 1 लाख 71 हजार में छुडाई । इसके साथ ही भागवत गीता की बोली भी लगी, ये भी नोहरा के गणेश जाट के नाम 91 हजार रुपया पर छुट्टी ।

# रामनवमी के अवसर पर ख्याल दंगल का हुआ आयोजन

स्मार्ट हलचल

**वैर।** पुराने जमाने से चली आ रही परंपरा को निभाते हुए रामनवमी के अवसर पर पुरानी अनाज मंडी में हेला ख्याल दंगल का आयोजन हुआ। रामनवमी के उपलक्ष में हुए इस कार्यक्रम में रामदल के जगदीश प्रसाद शर्मा, कृष्ण मंडल के मदन पंजाबी, नयावास के मान सिंह धाकड़, विचपुरी पट्टी व गद्दी बस्ती के मंडलों ने भाग लिया तथा धार्मिक एवं राजनीतिक विषयों पर अपनी-अपनी प्रस्तुति दी । गायक कलाकारों ने अपने गायन में प्रस्तुति देते हुए कहा कि नहीं है कोई काल समान याते हारो सकल जहांन घट गयौ मान है व इसके अलावा गायक कलाकारों ने राजनीतिक विषयों पर अपनी प्रस्तुति देते हुये बताया कि मोदी को राज टिकाऊ सच कह रहे है मीडिया जलते रहे विपक्षी सारे मोदी के बुला रहे जयकारे। इन्हीं संदर्भो मे अन्य मंडलों ने भी अपनी-अपनी प्रस्तुतियां रोचक ढंग से प्रस्तुत की जिन्हें सैकड़ो की संख्या में मौजूद श्रोताओ ने इन प्रस्तुतियों को मनो योग से सुनकर पसंद किया। चारों मंडल पार्टियों को साफा माला पहनाकर ,मिठाई के डिब्बे देकर समापन किया गया।

# संभागीय आयुक्त राठौड़ ने तहसील और अस्पताल का किया निरीक्षण



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** अजमेर संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ शुक्रवार को ब्यावर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जैतारण तहसील कार्यालय और रायपुर चिकित्सालय का विस्तृत निरीक्षण कर प्रशासनिक व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की नब्ज टटोली। रायपुर चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों को मिलने वाली निःशुल्क दवाओं और उपचार की गुणवत्ता की जांच की, जहाँ सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत मौजूद रहे। वहीं, जैतारण तहसील में एसडीएम मनोज मीणा और तहसीलदार ओम अमृत के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा की। आयुक्त ने दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि कार्यों में पारदर्शिता लाएं और आमजन को सरकारी सेवाओं के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने 'जनहित सर्वोपरि' के मंत्र के साथ काम करने पर जोर दिया।

# स्वतंत्रता सेनानी पं. बृजमोहन लाल शर्मा की 29वीं पुण्यतिथि कल; 'सेवा दिवस' के रूप में मनाएगा ब्यावर

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत और अजमेर-मेरवाड़ा के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित बृजमोहन लाल शर्मा की 29वीं पुण्यतिथि 29 मार्च को श्रद्धापूर्वक मनाई जाएगी। इस वर्ष इंटक और स्थानीय समाजसेवी संगठनों ने उनके महान व्यक्तित्व को याद करते हुए इस दिन को 'सेवा दिवस' के रूप में समर्पित करने का निर्णय लिया है।

इंटक अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पंडित जी का पूरा जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित था। इसी भावना को आत्मसात करते हुए



स्थानीय ब्रह्मधाम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। सेवा दिवस के तहत शहर में निम्नलिखित सेवा कार्य किए जाएंगे:

गौ-सेवा: स्थानीय गौशाला में गायों को लापसी और चारा खिलाया जाएगा। नर सेवा ही नारायण सेवा: राजकीय चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए जाएंगे। संबल योजना: गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जाएगी। वृद्धजन सम्मान: वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उन्हें ससम्मान भोजन कराया जाएगा।

### विकास के पुरोधा थे पंडित जी

श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिनेश शर्मा ने कहा कि पंडित बृजमोहन लाल शर्मा ने मुख्यमंत्री, शिक्षा, श्रम और राजस्व मंत्री के रूप में जो कार्य किए, वे आज भी मिल के पत्थर हैं। उन्होंने न केवल शिक्षा की गुणवत्ता सुधारी, बल्कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूत कानून और नीतियां बनाईं। उनकी सादगी और कर्तव्यनिष्ठा आज के जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

### सहभागिता की अपील

आयोजन समिति ने शहर के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, श्रमिक संगठनों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में ब्रह्मधाम पहुँचकर जननेता को अपनी पुष्पांजलि अर्पित करें।

# मां दधिमती की उतारी आरती, हवन व पूजन में जुडे हाथ

## मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों से गुंजायमान हुआ दाधीच परिसर, 51 कन्याओं का किया पूजन



स्मार्ट हलचल | कोटा

महर्षि दधीचि छात्रावास समिति के कोटड़ी स्थित छात्रावास भवन परिसर में चैत्र नवरात्रि नवमी के पावन अवसर पर महिला मंडल के तत्वावधान में आस्था, भक्ति और उल्लास के वातावरण में श्रद्धालुओं की आवाजाही सुबह से शुरू हो गई थी और जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ा, पूरा परिसर 'जय माता दी' के जयघोष, मंत्रोच्चार और भक्ति गीतों से गुंजायमान हो उठा।

समिति अध्यक्ष रविन्द्र जोशी के सान्निध्य में महिला मंडल अध्यक्ष स्मिता शर्मा के नेतृत्व में दधिमती माता रानी का मंगलपाठ अत्यंत श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ किया गया। इसके पश्चात सुसज्जित छप्पन भोग की आकर्षक झांकी ने सभी श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। मंत्री निमेष पुरोहित ने बताया कि हवन के दौरान वातावरण में घी, हवन सामग्री और मंत्रों की पवित्र सुगंध ने आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया।

महिला मंडल की मंत्री अंबिका शर्मा ने बताया कि मंगलपाठ के उपरांत भव्य महाआरती आयोजित की गई। इस दौरान 51 कन्याओं को आदरपूर्वक भोजन करवाया गया। कार्यक्रम में सलाहकार नरेन्द्र मोहन दाधीच, कोषाध्यक्ष सुनील शर्मा,महिला कोषाध्यक्ष रेखा दाधीच, मंत्री निमेष पुरोहित, राजेश दाधीच, चंद्र प्रकाश, अमित कोयला, कमल दाधीच, गोपाल दाधीच एवं ओम दाधीच सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# 30 दिवसीय एसी एवं रेफ्रिजिरेटर रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



स्मार्ट हलचल | बून्दी

बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, बूंदी में 30 दिवसीय एसी एवं फ्रिज रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन किया गया। इस प्रशिक्षण में कुल 20 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को एसी एवं फ्रिज की मरम्मत से संबंधित सभी महत्वपूर्ण तकनीकी बारीकियों की जानकारी प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) माध्यम से प्रदान की गई। उन्हें विभिन्न उपकरणों की कार्यप्रणाली, सामान्य खराबियों की पहचान एवं उनके समाधान के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया साथ ही, प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार हेतु बैंकिंग लोन एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम की जानकारी भी प्रदान की गई, ताकि वे भविष्य में अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें। समापन समारोह में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर आरसेटी के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड की जनहितकारी पहल: विद्यालय में स्थापित हुआ 1000 लीटर क्षमता का आधुनिक आरओ प्लांट

स्मार्ट हलचल | कोटा

कोटा जिले के सिमलिया क्षेत्र स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रेलगाँव में कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा 1000 लीटर क्षमता का अत्याधुनिक रिवर्स ऑस्मोसिस जल शुद्धिकरण संयंत्र स्थापित किया गया। क्षेत्र में पेयजल का टीडीएस स्तर लगभग 1650 होने के कारण पानी पीने योग्य नहीं था, जिससे विद्यालय के विद्यार्थियों तथा आसपास के ग्रामीणों को लंबे समय से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।

कंपनी के जनरल मैनेजर भरत सिंह द्वारा विधिवत आरओ प्लांट का उद्घाटन किया गया। इस



अवसर पर एरिया सेल्स मैनेजर प्रशांत, मैनेजर संतोष चौधरी, कृषि विशेषज्ञ सूर्यप्रताप सिंह तथा कंपनी के अधिकृत विक्रेता मै. कोटा रिफैक्ट्रीज के मालिक नरेंद्र पटेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला (ड्रॉइंग) एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

इस पहल से अब विद्यालय के बच्चों तथा आसपास के ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। स्थापित 'ह्र प्लांट उच्च 'ष्ठस्८ युक्त पानी को शुद्ध कर पीने योग्य बनाएगा, जिससे जलजनित एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आने की संभावना है।

कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड समय-समय पर किसानों एवं ग्रामीण समुदाय के कल्याण के लिए विभिन्न सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करती रही है। इसी क्रम में यह पहल न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे गांव के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। स्थानीय ग्रामीणों एवं विद्यालय स्टाफ ने कंपनी के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# हाईकोर्ट में तलब हुए अलीगढ़ थानाधिकारी राजकुमार चौधरी

## सरकारी शिक्षक से बर्बर मारपीट व जानलेवा हमले से जुड़ा हैं मामला-अलीगढ़ थाना पुलिस पर आरोपियों को संरक्षण देने के आरोप

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** उनियारा सर्किल अन्तर्गत अलीगढ़ थाना क्षेत्र के बराना गांव में 4 अक्टूबर 2025 (6 माह पूर्व) को सरकारी शिक्षक के साथ हुई बर्बर मारपीट और अमानवीय घटना को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने शुक्रवार 27 मार्च को प्रकरण के वर्तमान जांच अधिकारी थानाधिकारी अलीगढ़ राजकुमार चौधरी (पुलिस निरीक्षक) को मामले में जांच की धीमी गति और मेडिकल रिपोर्ट की अस्पष्टता पर कोर्ट ने गंभीर नाराजगी जताते हुए तलब किया है। हालांकि जांच अधिकारी को 17 मार्च को हाईकोर्ट में तलब होना था, लेकिन हाईकोर्ट के प्रशासनिक कारणों से वह तलब नहीं हो पाए, इसके बाद 27 मार्च की




तारीख नियत की गई थी। जिस पर शुक्रवार को प्रकरण संख्या 151/2025 में अनुसंधान अधिकारी (थानाधिकारी अलीगढ़) राजकुमार चौधरी पुलिस निरीक्षक राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर में पेश हुए। अदालत के पूर्व आदेशानुसार उन्हें पीड़ित शिक्षक श्योदास मीणा की मेडिकल रिपोर्ट व बयान प्रस्तुत करने थे। कोर्ट में बताया गया कि आहत शिक्षक अभी कोमा में है। उसका मेडिकल तो हो चुका है, लेकिन मेडिकल ओपिनियन अभी तक प्राप्त नहीं हुई। इस पर न्यायाधीश परिमल कुमार माथुर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगली पेशी पर मेडिकल ओपिनियन अनिवार्य रूप से पेश की जाए, न्यायाधीश ने थानाधिकारी अलीगढ़ को 30 मार्च, सोमवार को पुनः व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के आदेश दिए। पीड़ित आहत शिक्षक की ओर से अधिवक्ता एडवोकेट लाखन सिंह मीणा ने संपूर्ण प्राणघातक हमले के प्रकरण से माननीय न्यायालय के समक्ष तथ्यात्मक तरीके से पैरवी की, जिसके बाद से अलीगढ़ थाना पुलिस हरकत में आई हैं।

### यह है पूरा मामला?

4 अक्टूबर 2025 को (6 माह पूर्व) चार आरोपियों ने सरकारी शिक्षक शिवदास मीणा को बेरहमी से पीटा। नग्न अवस्था में श्मशान घाट बराना में फेंक दिया। मामला दर्ज होने के बावजूद जांच में लगातार ढिलाई रही।

### कोर्ट की सख्ती के बाद ही हरकत में आई पुलिस

पीड़ित शिक्षक श्योदास मीना के कोमा में होने पर घटना के करीब 6 महीने बाद 15 मार्च को पीड़ित का मेडिकल कराया गया। मेडिकल चोरू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। अभी तक स्पष्ट मेडिकल राय (ओपिनियन) नहीं आई।

### जांच पर गंभीर सवाल

शुरुआती जांच में 4 आरोपी सामने आए। बाद में एक आरोपी का नाम हटाने पर उठे सवाल। अब तक केवल 1 आरोपी गिरफ्तार, 3 आरोपी अभी भी फरार।

### इनाम घोषित-फिर भी गिरफ्तारी नहीं

पुलिस अधीक्षक टोंक ने फरार आरोपियों पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया। इसके बावजूद गिरफ्तारी नहीं होना पुलिस पर सवाल खड़े कर रहा है।

### 30 मार्च की सुनवाई पर टिकी नजरें

अब पूरे मामले में अगली सुनवाई 30 मार्च को होगी, जहां जांच अधिकारी को पीड़ित की मेडिकल ओपिनियन रिपोर्ट पेश करनी होगी। जांच की प्रगति बतानी होगी। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर जवाब देना होगा। पीड़ित पक्ष की ओर से एडवोकेट लाखन सिंह मीणा पैरवी कर रहे हैं।

यह मामला न केवल एक गंभीर आपराधिक घटना है, बल्कि पुलिस जांच की पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी बड़े सवाल खड़े करता है। अब सबकी नजरें 30 मार्च की सुनवाई पर टिकी हुई हैं।

# छात्रा वर्षा वर्मा का नवोदय विद्यालय में चयन

स्मार्ट हलचल | नाहरगढ़

सर्वोदय चिल्ड्रन सीनियर स्कूल में अध्ययनरत मध्यम परिवार की एक छात्रा ने जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में सफलता हासिल की है। विद्यालय संचालक गिर्राज प्रसाद नागर ने बताया कि संस्थान के लिए यह गौरव का क्षण है कि वर्षा वर्मा पुत्री कैलाश वर्मा निवासी सोनीपुरा टापरा ने कड़ी मेहनत और गुरुजनों के मार्गदर्शन से त्रिोदय विद्यालय चयन परिक्षा में 85 प्रतिशत अंक



हासिल कर विद्यालय व कस्बे का नाम रोशन किया है। स्कूल परिवार छात्रा वर्षा वर्मा के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

# हाईवे पर मौत का तांडवः तेज रफ्तार कार ने छीनी दो जिंदगियां-शादी से लौट रहे दोस्तों की मौके पर मौत

एक ही गांव के दो युवकों की दर्दनाक मौत-खुशियां मातम में बदली, बाइक-कार की भीषण टक्कर-रात के अंधेरे में बुझ गए दो चिराग









स्मार्ट हलचल

**टोंक।** टोंक जिले में उनियारा सर्किल के अलीगढ़ थाना क्षेत्र में गुरूवार-शुक्रवार मध्य रात्रि को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जहां तेज रफ्तार का कहर दो जिंदगियों पर भारी पड़ गया।

टोंक-सवाई माधोपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-552 पर चापोला बालाजी और ग्लोबल आईटीआई के बीच शुक्रवार देर मध्य रात समय 12:10 बजे करीब एक तेज रफ्तार सफेद स्विफ्ट कार और मोटरसाइकिल के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह चकनाचूर हो गए।हादसे में बाइक सवार ओमप्रकाश गुर्जर (22) पुत्र बालू गुर्जर और पीछे बैठे देशराज गुर्जर (27) पुत्र प्रहलाद गुर्जर, निवासी कुम्हारिया थाना चौथ का बरवाड़ा (जिला सवाई माधोपुर) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने गांव लौट रहे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। घर की खुशियों तक पहुंचने से पहले ही सड़क पर मौत ने उन्हें अपने आगोश में ले लिया। सूचना मिलते ही अलीगढ़ थाना पुलिस के सहायक उप निरीक्षक बाबूलाल रेगर मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और शवों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगढ़ की मोर्चरी में रखवाया। शुक्रवार सुबह परिजनों को सूचना देकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की गई और मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए।

घटना के बाद कार सवार कार को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए। घटना के मौके पर मौजूद कार नंबर (एचआर 87 एस 8 173) जो कि एसडीएम बड़खल आरटीओ जिला फरीदाबाद (हरियाणा) क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और कार को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है तथा मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद कुम्हारिया गांव में शोक की लहर दौड़ गई। एक ही गांव के दो युवकों की असमय मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ब्यावर पुलिस की बड़ी पहलः साइबर ठगों पर नकेल कसने के लिए अनुसंधान अधिकारियों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

एसपी रतन सिंह के निर्देशः हर थाने में साइबर एक्सपर्ट तैयार करना और आमजन को जागरूक करना प्राथमिकता।

डिजिटल सुरक्षाः 14सी पोर्टल के जरिए जन-जन तक पहुँचेगी साइबर सुरक्षा की जानकारी।





स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिले में बढ़ते साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और पीड़ितों को त्वरित राहत पहुँचाने के लिए पुलिस अधीक्षक रतन सिंह (ढ्ढक्कस्) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में वृत ब्यावर के सभी थानों के अनुसंधान अधिकारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों ने भाग लिया।

## तकनीकी जांच और रिफंड प्रक्रिया पर जोर

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को साइबर अपराधों के आधुनिक तरीकों और उनके अनुसंधान की बारीकियों से अवगत कराया गया। विशेष रूप से बैंक खातों में साइबर ठगी के कारण फ्रीज की गई राशि को कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से पीड़ितों को वापस दिलाने की प्रक्रिया समझाई गई। पुलिस मुख्यालय से प्राप्त नवीनतम दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्मिकों को निर्देशित किया गया।

## इन थानों के अधिकारी रहे शामिल

कार्यशाला में ब्यावर सिटी, ब्यावर सदर, साकेत नगर, जवाजा, टॉडगढ़, साइबर थाना और महिला थाना के अनुसंधान अधिकारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे। उन्हें पुलिस के विभिन्न उपयोगी पोर्टल्स का कुशलतापूर्वक उपयोग करने की ट्रेनिंग दी गई।

## जन-जागरूकता के लिए 'व्हाट्सएप' और 'स्कूल-कॉलेज' का सहारा

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए आमजन का जागरूक होना अनिवार्य है। इसके लिएः थाना स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की जानकारी साझा की जाएगी। स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर विशेष जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। आमजन को साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के उपयोग हेतु प्रेरित किया जाएगा। पुलिस का संदेश : 'सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# नापाखेड़ा चरागाह पर अवैध खनन की गुंडागर्दी, ग्रामीणों का सीधा एक्शन—जेसीबी-ट्रैक्टर खदेड़े



स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** नापाखेड़ा गांव की चरागाह भूमि पर अवैध खनन कर रहे लोगों की दादागिरी शुक्रवार को उस वक्त धराशायी हो गई, जब ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर सीधा मोर्चा संभाल लिया। ग्रामीणों के तेवर देख खननकर्ताओं को अपना काम छोड़कर भागना पड़ा।

जानकारी के अनुसार पाड़लिया खेजड़ी रोड स्थित हनुमान मंदिर के पीछे एक ऊंचे टीले पर दो जेसीबी मशीनों और चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से धड़ल्ले से मिट्टी की खुदाई की जा रही थी। ग्रामीण शिवलाल मीणा और गोरधन मीणा ने बताया कि जब खनन कर रहे लोगों से अनुमति के कागज मांगे गए तो वे गोलमोल जवाब देने लगे।

मामले की भनक लगते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और खनन कार्य को तुरंत रुकवा दिया। सूचना मिलते ही नापाखेड़ा सरपंच बंटी कुमार बलाई भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

खनन कर रहे लोगों ने खुद को हरियाणा का बताते हुए फार्म पॉन्ड निर्माण की स्वीकृति होने का दावा किया, लेकिन जब कागज दिखाने की बारी आई तो उनके पास कुछ भी नहीं था।

बस फिर क्या था—ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने जेसीबी मशीनों व ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके से खदेड़ दिया। इस दौरान राजेंद्र मीणा, रंगराज मीणा सहित कई ग्रामीण डटे रहे।

ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि चरागाह भूमि पर किसी भी तरह की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रशासन से भी सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# हिंदू हेल्पलाइन की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन, भीलवाड़ा प्रांतीय सम्मेलन के लिए भरा दम

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** विजयनगर रोड स्थित सोनी वाटिका में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के आयाम हिंदू हेल्पलाइन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस दौरान संगठन की मजबूती और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

## सेवा और सुरक्षा संगठन की प्राथमिकताः मुकेश सोनी

बैठक को संबोधित करते हुए नवनियुक्त प्रांत अध्यक्ष मुकेश सोनी ने कहा कि हिंदू हेल्पलाइन मात्र एक नाम नहीं, बल्कि हिंदू समाज की सेवा, सुरक्षा और सहायता का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आपात परिस्थितियों में समाज के साथ खड़े रहें और सामाजिक समरसता को बढ़ावा दें।

## भीलवाड़ा सम्मेलन और नियुक्तियों पर जोर

प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुमावत ने आगामी 29 मार्च को भीलवाड़ा में आयोजित होने वाली प्रांतीय बैठक की जानकारी देते हुए ब्यावर से युवाओं की भारी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही, ब्यावर में संगठन के विस्तार के लिए निम्नलिखित बिंदुओं पर सहमति बनीः वार्ड स्तर तक विस्तारः संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए वार्ड स्तर पर नियुक्तियां की जाएंगी। शीघ्र घोषणाः जल्द ही नगर अध्यक्ष, नगर उपाध्यक्ष और जिला अध्यक्ष जैसे पदों के लिए नामों का ऐलान होगा।

बैठक का माहौल तब ऊर्जावान हो उठा जब कार्यकर्ताओं ने 'जय श्री राम' के उद्घोष किए। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया और राष्ट्र व धर्म की रक्षा का संकल्प लिया। उपस्थिति : बैठक में सतनाराय बालोदिया, सुनील परलेचा, ऋषिपाल सिंह, मनीष व्यास, विक्रम रल, बंटी कुमावत, धीरज गरबानी, खुश यादव सहित सैकड़ों युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेरोजगारी, नशे और अपराध पर संसद में उठी आवाज, शिक्षण संस्थान खोलने की मांग रखी

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** टोंक-सवाई माधोपुर के सांसद हरीश चन्द्र मीना ने शुक्रवार को लोकसभा के बजट सत्र के दौरान अपने क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में लगातार बढ़ रही बेरोजगारी, उससे जुड़े अपराध और युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताई।

सांसद हरीश चन्द्र मीणा ने 'लोक महत्व के मुद्दे' के तहत बोलते हुए कहा कि रोजगार के अभाव में युवा भटक रहा है और नशे के साथ-साथ साइबर क्राइम जैसे अपराधों की ओर बढ़ रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र की सामाजिक स्थिति प्रभावित हो रही है।

## केंद्र से शिक्षा संस्थान खोलने की मांग

सांसद हरीश चन्द्र मीना ने केंद्र सरकार से टोंक-सवाई माधोपुर को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निम्न संस्थान स्थापित करने की मांग की- केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल और एकलव्य मॉडल स्कूल

केंद्रीय आईटीआई ताकि युवाओं को तकनीकी कौशल मिल सके। अल्पसंख्यक वर्ग, विशेषकर महिलाओं के लिए विशेष शिक्षण संस्थान खोलने की मांग प्रमुखता से रखी। सांसद हरीश मीणा ने कहा कि अगर युवाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और कौशल विकास के अवसर मिलें, तो वे नशे और अपराध से दूर रहकर देश निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि टोंक-सवाई माधोपुर जैसे पिछड़े क्षेत्र को शिक्षा की सौगात जल्द से जल्द दी जाए, ताकि यहां के युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके।

# ब्यावर पुलिस का 'ऑपरेशन मोबाइल': 21 लाख के 103 चोरी हुए गुम मोबाइल फोन मालिकों को लौटाए

साइबर सेल की बड़ी स्ट्राइकः दूसरे राज्यों से खोज निकाले मोबाइल, चेहरों पर लौटी मुस्कान

स्मार्ट हलचल



जिला पुलिस ब्यावर ने चोरी और गुमशुदा मोबाइल फोन की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशन में साइबर सेल और जिले के विभिन्न थानों की टीम ने इस वर्ष अब तक कुल 103 मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंपे हैं। इन मोबाइल फोन की कुल अनुमानित कीमत करीब 21 लाख रुपये आंकी गई है।

## दो चरणों में हुआ वितरण

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा और उप अधीक्षक राजेश कसाना के सुपरविजन में चलाए गए इस अभियान के तहत प्रथम चरण में 12 जनवरी, 2026 को 51 मोबाइल बांटे गए थे। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज, 27 मार्च को पुलिस कार्यालय में 52 और मोबाइल फोन (कीमत लगभग 12 लाख रुपये) उनके मालिकों को लौटाए गए।

अपना खोया हुआ कीमती फोन वापस पाकर परिवादियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली की जमकर सराहना की

## बिहार और गुजरात तक पहुंची ब्यावर पुलिस

साइबर सेल ने केवल राजस्थान ही नहीं, बल्कि बिहार, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से भी मोबाइल फोन रिकवर करने में सफलता हासिल की है। इस पूरी प्रक्रिया में भारत सरकार के CEIR(Central Equipment Identity Register) पोर्टल और तकनीकी आसूचना का विशेष योगदान रहा।

इस सफलता के पीछे साइबर सेल प्रभारी स.उ.नि. सरफराज, कांस्टेबल नैना सिंह, महिला कांस्टेबल मीना, रामवतार और सुभाष की विशेष टीम का अथक प्रयास रहा।

## पुलिस की अपीलः तुरंत करें ये काम

एसपी रतन सिंह ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर घबराएं नहीं। सबसे पहले राजस्थान पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करें और उसके बाद CEIR पोर्टल पर जाकर मोबाइल को ब्लॉक कराएं ताकि उसका गलत इस्तेमाल न हो सके।

# कोटा-रामगंजमंडी-भवानीमंडी सेक्शन में सघन टिकट जांच अभियान जारी

स्मार्ट हलचल | कोटा

पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित यात्रा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कोटा-रामगंजमंडी-भवानीमंडी रेलखंड पर सघन टिकट जांच एवं अवैध वेंडर जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान ट्रेनों एवं स्टेशनों पर व्यापक जांच करते हुए बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों एवं अनधिकृत वेंडरों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 160 प्रकरण दर्ज कर 47,900 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

अभियान में टिकट जांच स्टाफ के रूप में श्री लक्ष्मीकांत मीना (मुख्य टिकट निरीक्षक), श्री दीपक शर्मा (उप मुख्य टिकट निरीक्षक), श्री विष्णु कुमारी, श्री हेमेंद्र मीना, श्री उमेश कुमार एवं श्री ऋषभ कुमार (वाणिज्य टिकट जांच कर्मचारी), रेलवे सुरक्षा बल के स्टाफ—हेड कॉन्स्टेबल श्री अमरसिंह, श्री कृष्ण कुमार पुनिया एवं कांस्टेबल श्री चेतराम मीना सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे, जिनके संयुक्त प्रयासों से सघन जांच अभियान को प्रभावी रूप से सफल बनाया गया।

यात्रियों से अपील की गई है कि वे सदैव वैध टिकट के साथ यात्रा करें तथा रेलवे परिसर में अनधिकृत विक्रेताओं से खरीदारी करने से बचें।

# ब्याज मुक्त फसली ऋण का लाभ लेने के लिए बकाया ऋण 31 मार्च तक जमा कराएं-सी.एल. बुनकर

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड टोंक के प्रबंध निदेशक सी.एल. बुनकर ने बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ 2025 में 88 हजार 798 किसानों को 309 करोड़ 11 लाख 29 हजार रूपये का ऋण वितरण किया गया था। इस ऋण की अदायगी 31 मार्च 2026 तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि ऋण की ब्याज दर 7 प्रतिशत है किन्तु निर्धारित तिथि तक ऋण जमा करवाये जाने पर कृषक से कोई ब्याज नही लिया जाता है। यह ब्याज दर 4 प्रतिशत राज्य सरकार एवं 3 प्रतिशत केन्द्र सरकार द्वारा वहन की जाती है। इसी के तहत ऋण की ब्याज दर निर्धारित तिथि तक जमा करवाये जाने वाले कृषकों के लिये शून्य है। इसके बाद ऋण जमा कराये जाने पर ऋण अवधिपार हो जायेगा और ऋणी सदस्य को ब्याज मुक्त फसली ऋण का लाभ नही मिल पायेगा। वर्तमान में जिले की ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापकों द्वारा कार्य बहिष्कार किये जाने के कारण ग्राम सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से ऋण जमा नही हो पा रहा है। खरीफ 2025 में वितरित ऋणों के विरूद्ध 22 हजार 345 ऋणी सदस्यों में 75 करोड़ 9 लाख 98 हजार रूपये बकाया चल रहे है। ऋणी सदस्य ब्याज मुक्त फसली ऋण का लाभ लिये जाने के लिए केन्द्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड टोंक की संबंधित शाखा में उपस्थित होकर अपना ऋण निर्धारित तिथि तक जमा करावें।

# मानवता हुई शर्मशार...अलीगढ़ थाना क्षेत्र के चोरू में नवजात भ्रूण मिलने से मचा हड़कंप

चौरू क्षेत्र में एक होटल के समीप हाईवे किनारे नवजात भ्रूण मिलने से फैली सनसनी-पुलिस ने गहनता के साथ शुरू की जांच

## अलीगढ़ तहसील के चौरू क्षेत्र में मानव भ्रूण मिलने का दूसरा मामला आया सामने-जांच शुरू

स्मार्ट हलचल

**टोंक/अलीगढ़।** जिले के उनियारा उपखण्ड अन्तर्गत अलीगढ थाना क्षेत्र के चौरू बाईपास पुलिया स्थित कमल होटल के पास गुरूवार को मानव भ्रूण मिलने पर मानवता को शर्मसार करने वाला एक अमानवीय मामला सामने आया है। ऐसा ही एक मामला कुछ वर्षों पूर्व चोरू में मंडावरा रोड पर मामला सामने आया था, एक बार फिर से कलियुगी और बेरहम मां ने अपने कलेजे के टुकड़े को फैंक दिया, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों ने जब टोंक-सवाई माधोपुर नेशनल हाईवे स्थित कमल होटल के नजदीक पुलिया के पास में भ्रूण पड़ा देखा। दिल दहला देने वाली इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह कृत्य किसी निर्दयी महिला द्वारा सामाजिक दबाव या व्यक्तिगत कलह के कारणों से हो सकता है।जानकारी के मुताबिक एक राहगीर पुलिया के समीप से गुजर रहा था तो उसकी नजर भ्रूण पर पड़ी। जिसके बाद उसने इसकी सूचना तुरन्त ही अलीगढ़ थाना पुलिस को दी। जहां मौके पर पहुंचे अलीगढ़ थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी सीआई मय जाप्ते के साथ भ्रूण को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच शुरू की। वहीं भ्रूण की सूचना मिलते ही चौरू क्षेत्र के ग्रामीणों में कई तरह की चर्चा होती नजर आई। क्षेत्र के लोगों ने मानव भ्रूण मिलने पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि जिस धरती से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया गया था, आज उसी धरती से बेटियों के भ्रूण मिल रहे है। हालांकि गुरूवार को मिले भ्रूण से ये साफ नहीं हो पाया है कि ये भ्रूण लड़के का है या लड़की का। जानकारी अनुसार कुछ साल पहले भी मंडावरा-चौरू रोड पर नवजात शिशु का भ्रूण मिला था। चोरू क्षेत्र में यह दूसरा मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने पुलिस से उस कलयुगी मां की तलाश कर कार्रवाई करने की मांग की है।

वहीं घटना की जानकारी मिलते ही चौरू बायपास पर भ्रूण मिलने की सूचना पर अलीगढ़ थाना प्रभारी राजकुमार चौधरी के बाद पुलिस वृताधिकारी उनियारा आकांक्षा चौधरी भी मौके पर पहुंची, उन्होंने भ्रूण को पुलिया के नीचे से निकलवाकर पुलिस ने भ्रूण को कब्जे में लिया और उसे सीएचसी अस्पताल अलीगढ़ भिजवाया। डॉक्टरों की टीम ने भ्रूण का परीक्षण कर सुरक्षित रखा गया हैं और आगे कारवाई जारी है।

## स्थानीय लोगों में आक्रोश-उठे नैतिकता के सवाल

भ्रूण मिलने की घटना के बाद इलाके में रोष व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता पर कलंक बताया है। लोगों का कहना है कि जब ममता जैसी भावना ही जान लेने लगे तो समाज को आत्मचिंतन की आवश्यकता है।

## पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज जांच हुई तेज

अलीगढ़ थाना पुलिस ने कमल होटल सहित आसपास इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दी है, ताकि उस व्यक्ति की पहचान हो सके, जिसने यह अमानवीय कृत्य किया। वहीं घटना पर अलीगढ़ थानाधिकारी राजकुमार चौधरी कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर पहलू पर सूक्ष्मता से जांच की जा रही है और जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# 25 मार्च से 7 अप्रैल तक निर्वाचक नामावली होगी तैयार-एसडीएम

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** राज्य निर्वाचन आयोग एंव जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) के निर्देशानुसार आगामी नगर निकाय चुनावों को दृष्टिगत रखतें हुए नगर परिषद क्षेत्र की निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में कार्यक्रम 25 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) टोंक हुकमीचंद रोहलानिया ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान नियुक्त प्रगणक द्वारा मतदाताओं से प्राप्त निर्धारित दस्तावेजों को मय फार्म के कार्यालय में दैनिकरूप से जमा करवाया जाना एवं विशेष तिथियों को मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहकर निर्वाचन से संबंधित कार्य को प्राथमिकता से किया जाना है। उन्होंने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र टोंक (96) के समस्त संस्था प्रधान व कार्यालयाध्यक्ष को निर्देशित किया जाता है कि नगर परिषद् क्षेत्र टोंक के 124 मतदान केन्द्रों पर नियुक्त प्रगणक जो आपके अधीनस्थ कार्यालय, विद्यालय से है को 25 मार्च से 7 अप्रैल तक यह कार्य पूर्ण करने के लिए मूल पदस्थापन कार्यालय व विद्यालय समय से कार्य शिथिलता प्रदान की जाएं। साथ ही पर्यवेक्षकगणों को कार्यालय समय प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक कार्य शिथिलता दी जाएं। निर्वाचन संबंधित कार्यवाही में लापरवाही करने पर संबंधित कार्मिक के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। सभी प्रगणक 29 मार्च (रविवार) एवं 5 अप्रैल (रविवार) को संबधित मतदान केन्द्र पर पूर्ण दिवस उपस्थित रहकर दावें व आपत्तियाँ प्राप्त करेगें।

## संक्षिप्त समाचार

### दक्षिण प्रशांत महासागर में 7.6 मैग्नीट्यूड का भूकंप

**टोंगा , एजेंसी।** दक्षिणी प्रशांत महासागर में टोंगा के नजदीक 7.6 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भूकंप का केंद्र समुद्र में 237 किलोमीटर की गहराई में था और जमीन पर भी तगड़े झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र टोंगा के दूसरे सबसे बड़े शहर नीएफू से 153 किलोमीटर दूर पश्चिम में था। भूकंप में अभी तक किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

### रूस ने यूक्रेन पर करीब 400 ड्रोन दागे, छह लोगों की मौत

**कीव, एजेंसी।** रूस के ड्रोन और मिसाइल हमले में यूक्रेन के छह लोगों की मौत हो गई और 46 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि रूस की सेना ने यूक्रेन की अग्रिम रक्षा पंक्ति को तोड़ने के प्रयास तेज कर दिए हैं, जिसे वसंत में संभावित जमीनी हमले की शुरुआत माना जा रहा है। यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने रातभर में लगभग 400 लंबी दूरी के ड्रोन दागे, जो हाल के हफ्तों का सबसे बड़ा हमला है। यह हमला मंगलवार तक जारी रहा और दिन में भी राजधानी कीव को कई ड्रोन से निशाना बनाया गया। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने बताया कि रूस ने ईरान में डिजाइन किए गए शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल करते हुए सात शहरों पर हमला किया। वायु सेना के अनुसार, रूस ने रात में देशभर में 10 स्थानों पर 23 क्रूज मिसाइल और सात बैलिस्टिक मिसाइल भी दागीं। दोपहर में हुए हमलों में मध्य यूक्रेन के शहर निप्रो में 13 लोग घायल हुए, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। पश्चिमी शहर लविव में एक अपार्टमेंट पर हमले में भी 13 लोग घायल हुए।

### डेनमार्क चुनाव में प्रधानमंत्री फ्रेडरिकसेन को बहुमत के आसार नहीं

**कोपेनहेगन, एजेंसी।** डेनमार्क के आम चुनाव में निर्णायक नतीजे आने का अनुमान नहीं है। प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन के भविष्य पर संशय बरकरार है। इस राजनीतिक अभियान के दौरान ग्रीनलैंड संकट के बजाय रोजी-रोटी के मुद्दों पर ध्यान दिया गया। मंगलवार को जारी नतीजों में महिला प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसेन की सेंटर-लेफ्ट सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी ने 2022 के चुनाव की तुलना में कम सीटें जीतीं। उनकी निवर्तमान सरकार के दोनों सहयोगी दलों को भी नुकसान हुआ। इस चुनाव में संसद में न तो वामपंथी और न ही दक्षिणपंथी गुट को बहुमत मिला। अनुभवी विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन किंगमेकर बन गए, जो पूर्व प्रधानमंत्री हैं। उनकी सेंट्रिस्ट मॉडरेट पार्टी अब तय करेगी कि फ्रेडरिकसेन तीसरा कार्यकाल संभालेंगी या नहीं। बता दें कि यूरोपीय संघ और नाटो का सदस्य देश डेनमार्क की आबादी करीब 60 लाख है।

### ताइवान के करीब फिर दिखे चीनी विमान और नौसैनिक जहाज

**ताइपे, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ताइवान के आसपास एकबार फिर चीनी गतिविधि देखी गई है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 6 बजे क्षेत्रीय जल के पास चीन के 16 विमान, 10 नौसैनिक जहाज और दो आधिकारिक जहाज देखे गए। इनमें से 13 विमानों ने मध्य रेखा पार कर ताइवान के हवाई रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। इससे पहले मंगलवार को भी तीन चीनी सैन्य विमान और नौ जहाज देखे गए थे। गौरतलब है कि ताइवान को ऐतिहासिक और राजनीतिक तर्कों के आधार पर चीन अपना अविभाज्य हिस्सा मानता है। दूसरी तरफ ताइवान स्वतंत्र प्रशासन, सेना और अर्थव्यवस्था के आधार पर अपनी अलग पहचान का दावा करता है। ऐसे में ताइवान की स्थिति अंतरराष्ट्रीय बहस का महत्वपूर्ण बिंदु है। चीन का दावा सैकड़ों साल पहले 1683 में किंग राजवंश के द्वीप पर कब्जे से शुरू हुआ। 1949 में चीन में गृहयुद्ध होने के बाद हालात बदल गए। फिलहाल, ताइवान स्वतंत्र है, लेकिन सैन्य संघर्ष से बचने के लिए यहां के प्रशासन ने औपचारिक स्वतंत्रता घोषित नहीं की है।


### ट्रंप की लोकप्रियता घटी : ईरान जंग और महंगाई के बीच गिरकर 36 प्रतिशत पहुंची ; 61% अमेरिकियों ने हमले को नकारा


**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता घटकर 36 प्रतिशत रह गई है। यह उनके दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद का सबसे कम स्तर है। यह जानकारी रॉयटर्स/इप्सोस के एक सर्वे में सामने आई है। चार दिन तक चले इस सर्वे में पाया गया कि ट्रंप के कामकाज से संतुष्ट लोगों की संख्या 40 प्रतिशत से घटकर 36 प्रतिशत रह गई है। सर्वे के अनुसार, ईंधन की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी और ईरान के साथ युद्ध को लेकर लोगों की नाराजगी का असर ट्रंप की लोकप्रियता पर पड़ा है। अमेरिका और इस्राइल के 28 फरवरी को ईरान पर हमले के बाद पेट्रोल की कीमतें बढ़ी हैं, जिससे लोगों का खर्च बढ़ा है।

# कुवैत के एयरपोर्ट पर ईरान का ड्रोन अटैक: फ्यूल टैंक में आग लगी

## इराकी लड़ाकों का अमेरिका के 23 ठिकानों पर हमला

**तेहरान, एजेंसी।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 26वां दिन है। ईरान ने मंगलवार रात कुवैत के इंटरनेशनल एयरपोर्ट ड्रोन अटैक किया, जिससे वहां मौजूद फ्यूल टैंक में आग लग गई। कुवैत की सेना ने जवाबी कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि अगर कहीं धमाके की आवाज सुनाई दे रही है, तो वह दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही मार गिराने की वजह से है। सेना ने लोगों से अपील की है कि वे सरकार के सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। इससे पहले कुवैत के नेशनल गार्ड ने बताया कि उसने अपने इलाके में 5 ड्रोन मार गिराए हैं। वहीं, इराक के एक उग्रवादी समूह इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक ने कहा है कि उसने पिछले 24 घंटे में अमेरिका से जुड़े 23 ठिकानों पर हमले किए हैं। ग्रुप के मुताबिक, इन हमलों में ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। हालांकि, इन हमलों से कितना नुकसान हुआ, इसकी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।





**हिजबुल्लाह ने इजराइल पर 30 रॉकेट दागे :** लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने आज इजराइल पर करीब 30 रॉकेट दागे गए। हमलों के बाद उत्तरी इजराइल के कई इलाकों में सायरन बजने लगे। फिलहाल यह साफ नहीं है कि इन हमलों से कितना नुकसान हुआ। गाजा में इजराइल की एयरस्ट्राइक, 4 लोगों की मौत सेंट्रल गाजा में इजराइल के हवाई हमले में 4 लोगों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी वफा के मुताबिक, यह हमला अज-जवायदा इलाके में हुआ, जहां अचानक एयर स्ट्राइक की गई। एक्सपर्ट बोले- ट्रम्प के चारों ओर जाल कसता जा रहा अमेरिका के डिफेंस एक्सपर्ट और व्हाइट हाउस के पूर्व सलाहकार रॉबर्ट पेप ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प के चारों ओर जाल कसता जा रहा है। ट्रम्प ईरान के साथ बढ़ते तनाव में ऐसे हालात में फंस सकते हैं, जहां युद्ध धीरे-धीरे और बड़ा होता चला जाता है। रॉबर्ट पेप ने भारतीय मीडिया से बात करते हुए कहा कि शुरुआत में छोटे-छोटे हमले किए जाते हैं, लेकिन जब उनसे बड़ा टागरेट हासिल नहीं होता, तो हमले और बढ़ा दिए जाते हैं। इसी को 'एस्केलेशन ट्रैप' कहा जाता है, यानी ऐसा जाल जिसमें फंसकर युद्ध लगातार बढ़ता जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर युद्ध बढ़ा, होर्मुज स्ट्रेट पर असर पड़ सकता है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल गुजरता है। इससे तेल महंगा हो सकता है और दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है। पेप के मुताबिक, इस स्थिति में ईरान मजबूत हो सकता है और तेल पर ज्यादा कंट्रोल हासिल कर सकता है। हालात संभालने के लिए इजराइल की सैन्य कार्रवाई को कंट्रोल करना जरूरी है और यह फैसला ट्रम्प ही ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका के मरीन सैनिक ईरान पहुंच जाते हैं, तो हालात और ज्यादा खराब हो सकते हैं। अभी ट्रम्प ने हमले कुछ दिनों के लिए कम किए हैं, लेकिन यह सिर्फ समय लेने का तरीका हो सकता है। पेप ने यह भी कहा कि जब तक अमेरिका अपने सैनिकों को वापस नहीं बुलाता, तब तक यह नहीं कहा जा सकता कि तनाव कम हो रहा है।

**अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने का प्रस्ताव गिरा** अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट में ईरान जंग रोकने के लिए लाया गया प्रस्ताव गिर गया। विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी की तरफ से लाए गए इस प्रस्ताव के पक्ष में 47 जबकि विपक्ष में 53 वोट पड़े। यह तीसरी बार था जब डेमोक्रेट्स ने ऐसा प्रस्ताव रखा था। उनका कहना है कि अमेरिका में युद्ध शुरू करने का अधिकार कांग्रेस के पास होता है, इसलिए ट्रम्प बिना पूरी मंजूरी के यह कदम नहीं उठा सकते। इसी वजह से वे लगातार ऐसे प्रस्ताव ला रहे हैं, ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके। डेमोक्रेट्स ने यह भी आरोप लगाया है कि ट्रम्प सरकार इस युद्ध को ठीक से समझा नहीं पा रही है। सांसद क्रिस मर्फी ने कहा कि सरकार अब तक यह नहीं बता पाई है कि युद्ध क्यों जरूरी है। डेमोक्रेट्स ने साफ कर दिया है कि वे इस मुद्दे को यहीं नहीं छोड़ेंगे और हर हफ्ते इस पर वोटिंग कराते रहेंगे, जब तक सरकार आकर अपनी बात साफ नहीं करती।

# टोक्यो में चीनी दूतावास में घुसने के आरोप में जापानी सैनिक गिरफ्तार, चीन ने जताया विरोध; मांगा जवाब

**टोक्यो , एजेंसी।** जापान के अधिकारियों ने बुधवार को एक जापानी सैनिक को गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इस सैनिक पर कथित रूप से टोक्यो में चीनी दूतावास में बिना इजाजत (अवैध रूप) से घुसने का आरोप है। चीन ने इस घटना पर विरोध जताया था, जिसके एक दिन बाद यह गिरफ्तारी हुई है। अब यह मामला जापान और चीन के बीच बढ़ते तनाव का नया केंद्र बन गया है।



**चीनी विदेश मंत्रालय ने क्या कहा :** चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में एक मीडिया वार्ता के दौरान बताया कि मंगलवार सुबह एक व्यक्ति दीवार फांदकर दूतावास परिसर में जबरन घुस आया। उस व्यक्ति ने खुद को जापानी आत्म-रक्षा बल का अधिकारी बताया था। टोक्यो पुलिस ने बुधवार को जानकारी दी कि गिरफ्तार व्यक्ति की उम्र 23 साल है और वह जापान की थल सेना (जीएसडीएफ) का सदस्य है। जापानी सेना ने पुष्टि की है कि संदिग्ध सैनिक मियाजाकी प्रांत के कैंप एबिनो में तैनात है। सेना के अधिकारी इस मामले में पुलिस का पूरा सहयोग कर रहे हैं। जापानी मीडिया ने पुलिस के हवाले से बताया कि यह सैनिक चीनी राजदूत को यह कहने के लिए दूतावास में घुसा था कि चीन जापान के प्रति अपना कड़ा रुख बंद करे। सैनिक के पास एक चाकू भी था। उसने धमकी दी थी कि अगर उसकी मांग नहीं मानी गई, तो वह खुद को मार लेगा। जापान के सरकारी चैनल एनएचके के अनुसार, उस व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया गया और आगे की जांच के लिए टोक्यो पुलिस को सौंप दिया गया। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, उस व्यक्ति ने कथित तौर पर दूतावास की दीवार फांदी थी और वहां एक चाकू भी मिला है। चीन ने इस घटना पर गहरा दुख और गुस्सा जताया है। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि जापान अपने सैनिकों को ठीक से नियंत्रित और अनुशासित करने में नाकाम रहा है। उन्होंने कहा कि जापान ने चीनी दूतावास और उसके कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं की। चीन ने मांग की है कि जापान इस मामले की पूरी जांच करे, दोषी को सजा दे और चीन को इस पर स्पष्टीकरण दे। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब दोनों देशों के बीच तनाव काफी बढ़ा हुआ है।

# बांग्लादेश नरसंहार दिवस: 1971 हत्याकांड था सुनियोजित कत्लेआम: पीएम तारिक रहमान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में 25 मार्च को मनाए जाने वाले नरसंहार दिवस पर प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने 1971 के हत्याकांड को सुनियोजित नरसंहार बताते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि 25 मार्च 1971 का दिन बांग्लादेश के इतिहास में सबसे काले और क्रूर दिनों में से एक है, जब पाकिस्तानी सेना ने 'ऑपरेशन सर्चलाइट' के नाम पर निहत्थे नागरिकों पर हमला किया।

**शिक्षकों और नागरिकों को बनाया निशाना :** प्रधानमंत्री ने बताया कि उस रात ढाका विश्वविद्यालय, पिलखाना और राजारबाग पुलिस लाइंस समेत कई जगहों पर शिक्षकों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलियां चलाई गईं। इस हमले में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई। उन्होंने इसे पूरी तरह से पूर्व नियोजित कत्लेआम बताते हुए कहा कि उस समय की राजनीतिक परिस्थितियों और नेतृत्व की भूमिका पर आज भी शोध की जरूरत है।

**यहीं से शुरू हुआ मुक्ति संग्राम :** रहमान ने कहा कि 25 मार्च की रात चट्टोग्राम में 8वीं ईस्ट बंगाल रेजिमेंट ने 'वी रिवोल्ट' का नारा देकर प्रतिरोध शुरू किया। इसी के साथ नौ महीने लंबे बांग्लादेश मुक्ति संग्राम की शुरुआत हुई, जिसने अंततः देश को आजादी दिलाई।

**नई पीढ़ी को इतिहास जानना जरूरी :** प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता के मूल्य समझाने के लिए 25 मार्च के नरसंहार के बारे में जानना जरूरी है। उन्होंने शहीदों के बलिदान को याद करते हुए समानता, मानव गरिमा और सामाजिक न्याय पर आधारित समाज बनाने की अपील की। इस बीच बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में पेश उस प्रस्ताव का स्वागत किया है, जिसमें 1971 के नरसंहार को औपचारिक मान्यता देने की मांग की गई है। यह प्रस्ताव ग्रेग लैंड्समैन द्वारा पेश किया गया है। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से एक न्यायपूर्ण, विकसित, आत्मनिर्भर और लोकतांत्रिक बांग्लादेश के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

# कभी मेल बैलेट के विरोधी रहे ट्रंप ने खुद इसी से किया मतदान

**फ्लोरिडा, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर फ्लोरिडा में मेल बैलेट के जरिए अपना वोट डाला है। जबकि वे सार्वजनिक रूप से इस मतदान तरीके को धोखाधड़ी का जरिया बताते हैं और कांग्रेस से इसे सीमित करने की मांग कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ उन्होंने खुद इसी तरीके का इस्तेमाल किया। पाम बीच काउंटी के रिकॉर्ड से पता चला है कि राष्ट्रपति ने मंगलवार को राज्य विधानसभा सीटों के लिए हुए विशेष चुनाव में मेल से वोट दिया और उनके वोट की गिनती भी हो गई है। ट्रंप के समर्थन के बावजूद उनके रिपब्लिकन उम्मीदवार यहां से चुनाव हार गए है। यहां डेमोक्रेट की एमिली ग्रेगरी ने जीत हासिल की है।




व्हाइट हाउस की प्रवक्ता ओलिविया वेल्स ने इस पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि ट्रंप 'यूनिवर्सल मेल-इन वोटिंग' के खिलाफ हैं, न कि उन व्यक्तिगत मामलों के जहां मतदाता को इसकी जरूरत होती है। वेल्स के अनुसार, ट्रंप जिस 'सेव अमेरिका एक्ट' का समर्थन करते हैं, उसमें बीमारी, विकलांगता, सेना या यात्रा जैसी स्थितियों में मेल से वोट देने की छूट दी गई है। उन्होंने कहा यूनिवर्सल मेल-इन वोटिंग की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए, क्योंकि इसमें धोखाधड़ी की बहुत ज्यादा गुंजाइश होती है। उन्होंने कहा कि ट्रंप फ्लोरिडा के निवासी हैं लेकिन वे वाशिंगटन में रहते हैं, इसलिए उनका मेल से वोट देना कोई बड़ी बात नहीं है।

इसके बावजूद, ट्रंप ने पिछले हफ्त मेल-इन वोटिंग को धोखाधड़ी और बेहद भ्रष्ट बताया था। वे कांग्रेस से 'सेव एक्ट' पास करने का आग्रह कर रहे हैं ताकि मेल मतदान के विकल्पों को बहुत सीमित किया जा सके। हालांकि, ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन की 2025 की एक रिपोर्ट के अनुसार, मेल मतदान में धोखाधड़ी के मामले न के बराबर हैं। रिपोर्ट बताती है कि हर एक करोड़ वोटों में से सिर्फ चार मामलों में ही गड़बड़ी पाई गई है। सीनेट में डेमोक्रेटिक नेता चक शूमर ने ट्रंप के इस कदम की आलोचना की है। शूमर ने कहा कि ट्रंप के अनुसार जब दूसरे लोग मेल से वोट दें तो वह 'धोखाधड़ी' है, लेकिन जब वे खुद ऐसा करें तो वह सही है। ट्रंप 2020 के चुनाव में अपनी हार के बाद से ही मेल मतपत्रों पर निशाना साध रहे हैं। हालांकि, अमेरिकी अदालतों और उनके खुद के अटॉर्नी जनरल को चुनाव नतीजों को प्रभावित करने वाली किसी धोखाधड़ी का कोई सबूत नहीं मिला।

फ्लोरिडा के इस चुनाव में ट्रंप ने रिपब्लिकन उम्मीदवार जॉन मेपल्स का समर्थन किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर लोगों से मेपल्स को वोट देने की अपील की थी, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्होंने खुद मेल से वोट दिया है। ट्रंप के समर्थन के बावजूद जॉन मेपल्स चुनाव हार गए और डेमोक्रेट एमिली ग्रेगरी ने जीत हासिल की।

# ब्रिटेन सरकार का फैसला- नए घरों में सोलर पैनल और हीट पंप अनिवार्य, ऊर्जा सुरक्षा के लिए अहम कदम

**लंदन, एजेंसी।** ईरान युद्ध से पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच ब्रिटेन ने ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने इंग्लैंड में बनने वाले सभी नए घरों में सोलर पैनल और हीट पंप अनिवार्य करने का एलान किया है, ताकि जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटाई जा सके। ब्रिटेन सरकार ने मंगलवार को नए नियम पेश करते हुए स्पष्ट किया कि यह कदम नीति-निर्माताओं की ओर से ईरान युद्ध के आर्थिक और ऊर्जा प्रभावों के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। सरकार के अनुसार, यह पहल फ्यूचर होम्स स्टैंडर्ड का हिस्सा है, जो 2028 से लागू होगा। इस मानक के तहत सभी नए घरों में ऑन-साइट रिन्यूएबल बिजली उत्पादन सुनिश्चित किया जाएगा, जिसमें प्रमुख भूमिका सौर ऊर्जा की होगी। साथ ही, घरों में लो-कार्बन हीटिंग सिस्टम जैसे हीट पंप और हीट नेटवर्क को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। ब्रिटेन के ऊर्जा मंत्री एड मिलिबैंड ने कहा, ईरान युद्ध ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना जरूरी है। उन्होंने कहा सरकार का लक्ष्य जीवाश्म ईंधन बाजारों की पकड़ से बाहर निकलना है, जिन पर देश का नियंत्रण नहीं है। मिलिबैंड ने यह भी बताया कि सरकार न केवल नए घरों में सोलर पैनल को मानक बना रही है, बल्कि आने वाले महीनों में दुकानों पर प्लग-इन सोलर पैनल भी उपलब्ध कराए जाएंगे, जिन्हें लोग अपने घरों की बालकनी में आसानी से स्थापित कर सकेंगे।

**ऊर्जा सुरक्षा बनाम घरेलू उत्पादन :** इस फैसले को लेकर ब्रिटेन की घरेलू राजनीति में भी बहस तेज हो गई है। विपक्षी कंजरवेटिव पार्टी की शैडो एनर्जी सेक्रेटरी क्लेयर कुटिन्हो ने सरकार से नॉर्थ सी में नए तेल और गैस क्षेत्रों के लाइसेंस जारी करने की मांग की है, ताकि घरेलू ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाकर उपभोक्ताओं के बिल कम किए जा सकें। यह बहस इस बात को रेखांकित करती है कि ऊर्जा संकट से निपटने के लिए देशों के सामने दो विकल्प हैं, नवीकरणीय ऊर्जा की ओर तेज बदलाव या पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाना।

**अन्य देशों ने भी अपनाए सख्त उपाय :** छुट्टी, राशनिंग और 'वर्क फ्रॉम होम' का सहारा एशियाई देशों ने सबसे तेजी से कदम उठाए हैं। श्रीलंका ने स्कूलों और सरकारी दफ्तरों में छुट्टी घोषित कर दी, साथ ही क्यूआर कोड आधारित फ्यूल राशनिंग लागू कर दी। बांग्लादेश ने शिक्षा संस्थान बंद कर ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कर दी और रोजाना 5 घंटे की बिजली कटौती लागू की। भूटान ने जमाखोरी रोकने के लिए जरीकैन में ईंधन बिक्री पर प्रतिबंध लगाया। पाकिस्तान में चार दिन का वर्क वीक लागू।

# शांति वार्ता के बीच ट्रंप को ईरान से मिला रहस्यमयी तोहफा, बोले- ये तेल और गैस से जुड़ा महंगा गिफ्ट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को एक चौंकाने वाला बयान दिया। ईरान के साथ युद्धविराम पर बातचीत की चर्चाओं के बीच ट्रंप ने कहा है कि ईरान ने उन्हें एक बहुत बड़ा और काफी कीमती तोहफा भेजा है। हालांकि उन्होंने इस तोहफे के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और सिर्फ इतना कहा कि ये तोहफा तेल और गैस से जुड़ा है। ट्रंप जहां ईरान के साथ बातचीत का दावा कर रहे हैं, वहीं ईरान की सेना अमेरिका के साथ किसी भी बातचीत से इनकार कर रही है।



**ट्रंप बोले- हम ईरान में सही लोगों से बात कर रहे :** दरअसल मंगलवार को व्हाइट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान ट्रंप से पूछा गया कि ईरान की तरफ से जो लोग युद्धविराम पर बातचीत कर रहे हैं, क्या उन्हें उन पर विश्वास है? इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, वे किसी पर विश्वास नहीं करते, लेकिन उन्होंने ईरान से एक तोहफा मिलने का संकेत दिया। जिसके आधार पर ट्रंप ने कहा कि वे सही लोगों से बात कर रहे हैं।

**ट्रंप को मिला तोहफा तेल और गैस से जुड़ा :** ट्रंप ने कहा, 'उन्होंने हमें एक तोहफा दिया है और वो तोहफा आज पहुंच गया है। यह एक बड़ा तोहफा है, जिसकी बहुत ज्यादा कीमत है, लेकिन मैं आपको ये नहीं बताने वाला हूं कि वह क्या है, लेकिन ये एक खास तोहफा है।' ट्रंप ने बताया कि यह तोहफा तेल और गैस से जुड़ा है। इसके अलावा ट्रंप ने ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। युद्धविराम के लिए अमेरिका ने ईरान को भेजा 15 सूत्रीय प्रस्ताव इससे पहले सोमवार को ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले पांच दिनों के लिए रोकने का एलान किया। इस दौरान ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका और ईरान की युद्धविराम को लेकर बात हो रही है। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सरकार ने ईरान को 15 सूत्रीय युद्धविराम प्रस्ताव भेजा है। हालांकि ईरान की तरफ से इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इस बीच अमेरिका द्वारा पश्चिम एशिया में अपने सैनिकों की तैनाती बढ़ाई जा रही है। जिससे चर्चा है कि अगर युद्धविराम पर सहमति नहीं बनती है तो अमेरिका ईरान के खिलाफ जमीनी आक्रमण कर सकता है।

# अमेरिका की 'फर्स्ट लेडी' मेलानिया ट्रंप के टेक अलायंस में शामिल हुए 45 देश

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका की 'फर्स्ट लेडी' मेलानिया ट्रंप ने 45 देशों और बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों को एक साथ लाने वाला एक नया वैश्विक गठबंधन किया है। इसका उद्देश्य दुनियाभर के बच्चों के लिए शिक्षा और तकनीक तक पहुंच बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयास करना है। अमेरिकी विदेश विभाग में आयोजित 'फोस्टरिंग द फ्यूचर टुगेदर' शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'एक इंसान के तौर पर हम सपने देखते हैं। लीडर के तौर पर हम आगे बढ़ते हैं। एक राष्ट्र के रूप में हम निर्माण करते हैं। आज से, आइए अपने नए ग्लोबल अलायंस को गति दें, ताकि हमारे बच्चों के विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़े।' दो दिवसीय इस सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय नेता और बड़ी टेक कंपनियां एक साथ आई हैं, ताकि डिजिटल माहौल में बच्चों के लिए शैक्षणिक संसाधनों को बढ़ाने और सुरक्षा को मजबूत करने पर मिलकर काम किया जा सके। मेलानिया ट्रंप ने कहा, 'हमारे गठबंधन का मिशन बच्चों को तकनीक और शिक्षा तक ज्यादा पहुंच देकर उन्हें सशक्त बनाना है। यह एक ऐतिहासिक क्षण है।'



अपने भाषण में 'फर्स्ट लेडी' ने एक रोडमैप भी पेश किया, जिसमें नवाचार आधारित शिक्षण कार्यक्रम विकसित करना, शिक्षा के लिए सहायक नीतियों की वकालत करना, तकनीक आधारित कानूनों को प्रोत्साहित करना और सरकारों व निजी क्षेत्र के बीच साझेदारी को मजबूत करना शामिल है। उन्होंने कहा, 'हमारा साझा दृष्टिकोण बच्चों को राजनीति, भौगोलिक सीमाओं और स्थानीय पूर्वाग्रहों से ऊपर रखता है,' और सभी सदस्य देशों से 'क्षेत्रीय बैठक आयोजित करने, शोध अध्ययन करने, नई साझेदारियां बढ़ाने और अन्य देशों के साथ सहयोग करने' का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारा कॉमन विजन बच्चों को राजनीति, भौगोलिक सीमाओं और स्थानीय पूर्वाग्रहों से ऊपर रखता है। उन्होंने सभी सदस्य देशों से क्षेत्रीय बैठक आयोजित करने, शोध अध्ययन करने, नई साझेदारियां बढ़ाने और अन्य देशों के साथ सहयोग करने का भी आग्रह किया। यह सम्मेलन चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिसमें एडटेक टूल्स, शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता शामिल हैं। उन्होंने प्रमुख अमेरिकी टेक कंपनियों की भागीदारी का भी उल्लेख किया और कहा कि उद्योग की भूमिका इस पहल को आकार देने में अहम है। उन्होंने कहा, 'इससे पहले कभी इतने सारे टेक विजनरी दो दिन में स्टेट डिपार्टमेंट और व्हाइट हाउस के लीडर्स की इतनी बड़ी ग्लोबल ऑडियंस के सामने खड़े नहीं हुए थे।' उन्होंने मेटा, गूगल, ओपन एआई, माइक्रोसॉफ्ट और जूम जैसी कंपनियों का जिक्र किया और बैठक को 'अभूतपूर्व' बताया। उन्होंने कहा, 'यह कमरा असाधारण मानवीय क्षमता से भरा है। नेता इसका उपयोग अपने बच्चों को ऊपर उठाने, लोगों को सशक्त बनाने और अर्थव्यवस्थाओं को तेज करने के लिए करें। मेलानिया ने आगे कहा कि यह प्लेटफॉर्म एक 'कैपेबिलिटी मल्टीप्लायर' के तौर पर काम करेगा, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता, शिक्षा और वैश्विक नेतृत्व पर आधारित होगा। मेलानिया ने कहा, 'हमारा मुख्य उद्देश्य इस तेजी से बदलती दुनिया में सफल होने के लिए युवाओं को जरूरी कौशल सिखाना है। 'फर्स्ट लेडी' ने कहा कि यह समिट एक बड़े वैश्विक प्रयास की 'सिर्फ शुरुआत' है। उन्होंने कहा, 'आइए, हम सब मिलकर निवेश करें, पहुंच बढ़ाएं और शिक्षा व तकनीक के नए अवसर तैयार करें।



# मीनोपोज के बाद के मोटापे को यूं घटाएं

मीनोपोज ( माहवारी) बंद होने के बाद बढ़ने वाला बैली फैट कई महिलाओं के लिए एक बड़ी समस्या है। ये कोई साधारण फैट नहीं है, जो डाइटिंग और योगा से कम हो जाए! इसलिए इसे जिद्दी फैट भी कहा जाता है। शोधकर्ताओं ने इस वजह को ढूंढ निकाला है कि आखिर मीनोपोज के बाद मोटापा क्यों बढ़ता है? शोधकर्ताओं के मुताबिक, मीनोपोज के बाद एस्ट्रोजन लेवल कम होने से हिप्स और थाईंज का फैट लोअर-एब्डॉमन में चला जाता है लेकिन डाइट में बदलाव करके आप शरीर का एक्सट्रा फैट घटा सकते हैं।

आमतौर पर महिलाएं बेली फैट कम करने के चक्कर में हेल्दी फैट का सेवन करना भी छोड़ देती हैं जो कि गलत है। क्या आप जानते हैं कुछ फैट ऐसे भी होते हैं जिनका सेवन बैली फैट घटाने में मदद कर सकता है। जैसे एवोकैडो, ऑलिव्स, सैल्मन मछली और कोकोनट ऑयल। अध्ययन से पता चला है कि एक महीने के लिए हर सप्ताह तीन बार 28 ग्राम साल्मन मछली खाने से लगभग एक किलो से अधिक वजन घटाया जा सकता है। ऐप्पल साइडर विनेगर (सिरका) आपके मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मदद करता है। सिरका में शामिल एसिडिक एसिड प्रोटीन वजन कम करने में मदद करता है। इसके साथ ही ग्रीन स्मूदी भी आपका बैली फैट घटाने में मददगार हो सकती है।

# ये हैं डैंड्रफ को दूर करने के उपाय



अधिकतर महिलाएं डैंड्रफ की समस्या से परेशान रहती हैं। इससे स्कैल्प में सफेद रंग की पपड़ी जमने लगती है। डैंड्रफ के कारण सिर में खुजली भी होने लगती है। बहुत अधि?क खुजली करने से सिर में घाव बन जाते हैं। साथ ही बालों की जड़ें भी कमजोर हो जाती है। कुछ खास उपायों की सहायता से आप डैंड्रफ की इस समस्या से राहत पा सकती हैं।

डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए जरूरी है कि आप नियमित रूप से बालों में कंघी करें। इससे बालों की जड़ों से ज्यादा तेल निकलता है। इसके अलावा बालों में कंघी करने से बालों की ग्रोथ भी बढ़ती है।

डैंड्रफ में अच्छी क्वालिटी के शैंपू का ही इस्तेमाल करें। ऐसे हेयर प्रोड्क्ट का इस्तेमाल करें जिसमें जिंक पाइरिथियन मौजूद होता है। ये डेंड्रफ को दूर करने में कारगर साबित होता है।

एलोवेरा के रस से बालों की मसाज करें और एक घंटे बाद ठंडे पानी से धो लें। ऐसा करने से डैंड्रफ की समस्या दूर हो जाएगी। नारियल के तेल में कपूर मिलाकर रख लें। नहाने से आधे घंटे पहले इससे बालों की मसाज करें। नियमित रूप से ऐसा करने से डैंड्रफ की समस्या दूर हो जाएगी। अपने बालों को रोजाना अच्छी क्वालिटी के एंटी-डैंड्रफ शैंपू से धोएं। इससे डैंड्रफ की समस्या काफी हद तक खत्म हो जाती है। एक ग?लास पानी में चार बड़े चम्मच बेसन मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे बालों में लगाकर एक घंटे के लिए छोड़ दें और फिर बाल धो लें।

# मेहंदी तभी खूबसूरत लगती है, जब उसका रंग गहरा हो

शादियों का सीजन चल रहा हैं, ऐसे में मेहंदी के बिना श्रृंगार पूरा नहीं होता। मेहंदी लगाना न केवल सोलह श्रृंगार में से एक है बल्किर इसे शुभ शगुन के तौर पर भी देखा जाता है। हमारे देश में कोई भी खास मौका हो, हाथों में मेंहदी रचाए बिना पूरा नहीं माना जाता। पर मेहंदी तभी खूबसूरत लगती है, जब उसका रंग गहरा हो और यह सही से रचे। मेहंदी का एक खास गहरा लाल रंग होता है जो हाथों पर बेहद खूबसूरत लगता है।

कई बार ऐसा होता है कि मेहंदी लगी तो बहुत अच्छी होती है लेकिन सही से न रचने के कारण खूबसूरत डिजाइन भी खिलकर नहीं आ पाता। ऐसे में आप इन उपायों को अपनाकर गहरी और खूबसूरत मेंहदी रचा सकती हैं। पहले यह तय कर लें कि आपकी मेहंदी का घोल अच्छे से तैयार किया गया हो।

इन उपायों को अपनाने से गहरी रचेगी मेंहदी

मेहंदी लगाने के बाद धैर्य रखना बहुत जरूरी है। कम से कम पांच से छह घंटे के लिए मेहंदी को हाथों पर रचे रहने दें। इससे मेहंदी का रंग गहरा चढ़ता है।

नींबू और चीनी के घोल के इस्तेमाल से भी मेहंदी का रंग गहरा चढ़ता है। दरअसल, इस घोल को लगाने से मेहंदी ज्यादा देर के लिए हाथों में चिपकी रहती है और इससे उसका रंग गहरा हो जाता है।

मेहंदी छुड़ाने के लिए पानी का इस्तेमाल न करें। हो सके तो 10 से 12 घंटों तक हाथों पर पानी के इस्तेमाल से बचें। साबुन के इस्तेमाल से दूर ही रहें तो बेहतर होगा। मेहंदी छुड़ाने के बाद सरसों के तेल को हाथों पर मल लें। इन उपायों को अपनाने से मेंहदी का रंग गहरा चढ़ता है।



मोतियाबिंद की समस्या पहले सिर्फ बुजुर्गों में ही पायी जाती थी लेकिन आजकल ये युवाओं ओर बच्चों को भी अपना शिकार बना रही है। अगर आप किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो उसका असर भी आपके आंखों की रोशनी पर होता है जिससे मोतियाबिंद की समस्या होती है।

हमारी आंख की पुतली के पीछे एक लेंस होता है। पुतली पर पड़ने वाली लाइट को यह लेंस फोकस करता है और रेटिना पर ऑब्जेक्ट की साफ इमेज बनाता है। रेटिना से यह इमेज नर्व्स तक और वहां से दिमाग तक पहुंचती है। आंख की पुतली के पीछे मौजूद यह लेंस पूरी तरह से साफ होता है, ताकि इससे लाइट आसानी से पास हो सके।



# इस कारण होता है मोतियाबिंद

कभी-कभी इस लेंस पर कुछ धुंधलापन आ जाता है, जिसकी वजह से इससे गुजरने वाला प्रकाश का रास्ता बंद हो जाता है। इसका नतीजा यह होता है कि पूरी लाइट पास होने पर जो ऑब्जेक्ट इंसान को बिल्कुल साफ दिखाई देता है,अब कम लाइट पास होने की वजह से वही ऑब्जेक्ट धुंधला नजर आने लगता है। लेंस पर होनेवाले इसी धुंधलेपन की स्थिति को मोतियाबिंद कहा जाता है। यह क्लाउडिंग धीरे - धीरे बढ़ती जाती है और मरीज की नजर पहले से ज्यादा धुंधली होती जाती है। मोतियाबिंद के कारण हो सकती हैं ये बीमारियां।

## मधुमेह

मधुमेह शरीर के दूसरे अंगों जैसे गुर्दे और ह्रदय की ही अनेक बीमारियों का कारण ही नहीं है बल्कि आंखों पर भी कई प्रकार से इसका दुष्प्रभाव पड़ता है। मधुमेह के लगभग 80 प्रतिशत रोगियों को जीवन में आंखों की किसी न किसी समस्या का सामना अवश्य करना पड़ता है। आंखों की इन समस्याओं में प्रमुख हैं- डायबेटिक रेटिनोपैथी, मोतियाबिंद तथा काला मोतिया। मधुमेह के कारण होने वाली इन बीमारियों से बचने के लिए जरूरी है कि मधुमेह के रोगी समय-समय अपनी आंखों की जांच कराते रहें और कोई भी दिक्कत सामने आते ही उसका इलाज करवाना शुरू कर दें। कुछ मरीजों में लैंस में धुंधलापन आ जाता है, उसकी पारदर्शिता खत्म हो जाती है इसे डायबिटिक कैटरैक्ट कहते हैं।

## यूवाइटिस

यूवाइटिस एक प्रकार की सूजन है जो यूवेइआ में होते हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं जिनमें ट्रामा या संक्रमण भी एक हैं। इस बीमारी के कोई भी ज्ञात कारण नहीं है। मोतियाबिंद की समस्या उन लोगों में ज्यादा होती है जो जो यूवाइटिस से ग्रस्त होते हैं। यूवाइटिस अमेरिका, यूरोप और अन्य विकसित देशों में तेजी से फैल रही है। भारत में भी इस बीमारी के मरीजों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है। दुनिया में यूवाइटिस को कैंसर से भी खतरनाक माना जा रहा है।

## मायोपिया में मोतियाबिंद का खतरा ज्यादा

जो लोग उच्च निकट दृष्टि दोष (मायोपिया) से प्रभावित होते हैं उनमें मोतियाबिंद का खतरा कहीं अधिक होता है। डॉक्टर के मुताबिक बचपन में देखन की क्षमता का विकास होता और किशोरावस्था में आंख की लंबाई बढ़ती है लेकिन निकट दृष्टि दोष होने की वजह से यह कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में आंख में जानेवाला प्रकाश रेटिना पर केंद्रित नहीं होता। इसी वजह से तस्वीर धुंधली दिखाई देती है लेकिन इस दोष को कॉटैक्ट लेंस या सर्जरी से ठीक कराया जा सकता है।



# सेहतमंद रहने के लिए सुधारें कुछ आदतें

## दिन में सपने देखना

दिन में सपना देखने को अक्सर लोग बुरा मानत हैं। जबकि एक शोध में ये बुरी नहीं बल्कि एक अच्छी आदत मानी गई है। एक्सपर्ट्स का दावा है कि दिन में सपने देखने वाले लोगों की याददाश्त तेज होती है। वो ना सिर्फ फुर्तीले होते हैं बल्कि काफी बुद्धिमान भी होते हैं। दिन में सपने देखने वाले लोगों की याददाश्त बेहतर होती है, एकाग्रता अधिक रहती है और मल्टीटास्किंग में आसानी होती है।

कुछ ऐसी आदतें भी होती हैं जिन्हें आमतौर पर अच्छा नहीं माना जाता पर इनके साथ भी आप स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। जैसे कि कॉफी की कम मात्रा सेहत के लिए अच्छीर हो सकती है, लेकिन अधिक कॉफी पीना सेहत के लिए अच्छो नहीं माना जाता। दिनभर में तकरीबन तीन कॉफी पीने से पित्त की पथरी का खतरा कम होता है। किडनी स्टोन के होने का खतरा भी नहीं रहता। इसके अलावा अगर आपका भी मूड खराब है तो आप कॉफी का एक कप जरूर लें। कॉफी में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो आपके मूड को ठीक करने में मदद करते हैं।

## चॉकलेट के फायदे

अधिकतर लोग चॉकलेट को जंक फूड मानते हैं इसीलिए रोजाना चाकलेट खाने से बचते हैं पर ऐसा नहीं है, चॉकलेट खाना बुरा नहीं है। रिसर्च के मुताबिक, चॉकलेट सिर्फ आपको मीठा खाने की संतुष्टि ही नहीं देता बल्कि ये दिल की बीमारियों से भी बचाता है। खासतौर पर डार्क चॉकलेट। साथ ही यह निम्न रक्तचाप को भी संतुलित करता है। एक अन्य रिसर्च के मुताबिक, जो लोग अधिक चॉकलेट खाते हैं उन्हें स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है।

## गॉसिपिंग से भी है लाभ

गॉसिप करना सेहत के लिए बहुत अच्छां होता है। गॉसिपिंग के दौरान बॉडी से फील गुड हार्मोन रिलीज होता है जो कि तनाव और एंजाइटी से मुक्त करने में मदद करता है। इसके अलावा, ऑफिस में गॉसिपिंग सेफ्टी वॉल्व की तरह होती है, जिससे आप अपने दिल की बात बाहर निकाल सकते हैं।

## इस प्रकार लंबे समय तक चलेंगे ब्यूटी प्रोडक्ट

खूबसूरती निखारने आप घरेलु नुस्खे भी आजमा सकती हैं। हमेशा महंगे उत्पाद खरीदने की जरुरत नहीं है। मस्कारा व आईलाइनर सूख जाए या फिर खत्म होने की स्थिति में हो तो उसे हल्के गर्म पानी में रखें या कॉन्टेक्ट लेंस सॉल्यूशन की कुछ बूंदे डालकर उनको आप एक बार फिर इस्तेमाल कर सकती हैं। मेकअप हटाने के लिए रिमूवर व क्लीजिंग मिल्क की जगह नारियल तेल, बेबी ऑयल या फिर दूध का उपयोग किया जा सकता है। फाउंडेशन वाला स्पंज अगर खराब हो गया है तो ब्रश से भी फाउंडेशन लगा सकती हैं। ब्रश से उसे फैलाएं, फिर टिश्यू पेपर को हल्का गीला करके उसको एक सार करें।

डार्क शेड के फाउंडेशन को अपनी स्किन टोन से मिलाने के लिए फाउंडेशन और मॉइश्चराइजर के साथ इसे मिलाएं।

लिप बाम बनाने के लिए बची हुए लिपस्टिक किसी स्टिक से निकाल लें फिर उसे माइक्रोवेव में मेल्ट कर लें। फिर उसे एक बाउल में निकाल लें। फिर इसे लिप बाम की तरह इस्तेमाल करें। स्क्रब खत्म हो जाए तो नया स्क्रब खरीदने की जगह ब्राउन शुगर और शहद को आपस में मिला कर स्क्रब बनाएं।



गालों की ललिमा को बनाए रखने के लिए ब्लशऑन की जगह पिंक लिपस्टिक का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।अगर बॉक्स में ड्राई आईशैडो टूट गया है तो इसे जोडऩे के लिए उसमें एल्कोहल की कुछ बूंदें डालकर मिलाएं और उसी डिब्बी में जमा कर रखें।टूटे कॉम्पेक्ट को एक डिब्बी में एक साथ रख लें। फिर उसे इस्तेमाल करें।टूटी हुई लिपस्टिक को जोडऩे के लिए उसे थोड़ा गर्म करे या फिर हेयर ड्रायर चला कर टूटे हिस्सों को जोड़ दें।

# नींद की कमी से बढ़ जाता है कई बिमारियों का खतरा

रात में गहरी नींद सोने से सुबह हम तरोताजा महसूस करने के साथ ही स्वस्थ भी रहते हैं। वहीं नींद की कमी से कई बिमारियों को खतरा बढ़ जाता है। यह देखा गया है कि कई बार नींद नहीं आती या अगर आप रात के समय कम सोते हैं और सोने के बाद बार-बार आपकी नींद खुल जाती है, तो सावधान हो जाएं क्योंकि एक अध्ययन की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि यह आपके याद रखने की क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर सकती है।

ना केवल मानसिक, बल्कि यह शारीरिक सेहत के लिए भी ठीक नहीं है। अध्ययनकर्ताओं का दावा है कि इससे डिमेंशिया बीमारी का खतरा बढ़ जाता है।

एक किताब में कुछ ऐसा ही दावा किया गया है.

किताब को लिखने वाले न्यूरोलॉजिस्ट का कहना है कि सोने के दौरान हमारा मस्तिनष्क बहुत से काम करता है.जैसे कि यादों को संचित करने और उन्हें संभालने जैसे काम करता है।

डिमेंशिया एक ऐसी बामारी है, जिसमें आप चीजों को भूलने लगते हैं, आप का मूड बदलने लगता है, काम में आपका मन नहीं लगता और साथ ही आप चिड़चिड़े भी हो जाते हैं।

कम नींद आपके दिमाग पर बुरा असर डालती है, जिसके चलते व्यक्ति में सोचने-समझने जैसी संज्ञानात्मक क्षमता के साथ चीजों को याद रखने की क्षमता भी कम होने लगती है।

एक अध्ययन में यह भी सामने आया कि कम नींद की वजह से कैंसर होने की आशंका भी बढ़ जाती है।

इन बीमारियों से बचने

सोने का एक समय बनाएं

हर दिन एक ही समय पर सोएं और उसी समय के अनुसार उठें। इस तरह से अपका दिमाग एक समय पर सोने और उठने का आदि हो जाएगा और आपकी नींद अच्छी होने लगेगी।

देर रात खाने से बचें

रात में सोने से लगभग 3 घंटे पहले तक कुछ ना खाएं क्योंकि देर रात खाते ही लेट जाने से खाना डाइजेस्ट नहीं हो पाता, जिस कारण सोने के बाद बार-बार आपकी आंख खुलती रहती है और आप सुकुन की नींद नहीं ले पाते।

सोते समय लाइट्स बंद रखें

रोशनी का हमारे नींद पर बहुत असर पड़ता है। इसलिए सोने से पहले सभी लाइट्स को जरुर बंद करें. क्योंकि अंधेरे में नींद अच्छी आती है।

दोपहर में ना सोएं।

जिन लोगों को रात के समय ठीक से नींद नही आती वो लोग दोपहर में कभी ना सोएं।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com